रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-12082024-256282
CG-DL-E-12082024-256282

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 205] नई दिल्ली, मंगलवार, अगस्त 6, 2024/ श्रावण 15, 1946
No. 205] NEW DELHI, TUESDAY, AUGUST 6, 2024/ SHRAVANA 15, 1946

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

व्यापार उपचार महानिदेशालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 6 अगस्त, 2024

अंतिम जांच परिणाम

मामला सं. एडी-ओआई-17/2023

विषय: चीन जन .गण., के मूल अथवा वहां से निर्यात किये गये ''सेलोफेन ट्रांसपेरेंट फिल्म'' के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच।

फा. सं. 06/18/2023 – डी जी टी आर .—

मामले की पृष्ठभूमि

1. मैसर्स केसोराम रयॉन, सिग्नेट इंडस्ट्रीज लिमि. की एक इकाई (जिसे आगे ''आवेदक'' अथवा ''याचिकाकर्ता'' कहा गया है) ने चीन जन. गण. के जिसे (''संबद्ध देश'' भी कहा गया है) मूल के अथवा वहां से निर्यात किये गये ''सेलोफेन ट्रांसपेरेंट फिल्म'' (जिसे आगे ''सी टी एफ'' अथवा ''संबद्ध वस्तु'' अथवा ''विचाराधीन उत्पाद'' भी कहा गया है) के आयातों पर पाटनरोधी शुल्क लगाने तथा पाटनरोधी जांच की शुरूआत करने के लिए सीमा प्रशुल्क

अधिनियम, 1975 और पाटनरोधी नियमावली के अनुसार निर्दिष्ट प्राधिकारी (जिसे आगे "प्राधिकारी भी कहा गया है) के समक्ष निर्धारित रूप में तरीके से एक आवेदन दायर किया।

2. प्राधिकारी ने पूर्व में चीन जन के मूल के अथवा वहां से निर्यात किये गये .गण ."सेलोफेन ट्रांसपेरेंट फिल्म" के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच की थी जिसकी शुरूआत दिनांक सितंबर 27, 2005 की अधिसूचना संख्या 14/7/ 2005– डी जी ए डी के माध्यम से की गई थी। प्राधिकारी ने दिनांक फरवरी 3, 2006 की अधिसूचना संख्या 14/7/ 2005– डी जी ए डी के माध्यम से आयातों पर अनंतिम पाटनरोधी शुल्क की सिफारिश की थी। ये अनंतिम पाटनरोधी शुल्क वित्त मंत्रालय के दिनांक मार्च 3, 2006 की सीमा शुल्क अधिसूचना संख्या 31/ 2006 – सीमा शुल्क के माध्यम से लगाये गये थे। बाद में (ए डी डी), प्राधिकारी ने दिनांक जुलाई 28, 2006 की अधिसूचना संख्या 14/7/ 2005– डी जी ए डी के माध्यम से निश्चयात्मक शुल्क लगाने की सिफारिश की। तत्पश्चात, वित्त मंत्रालय ने दिनांक सितंबर 7, 2006 की सीमा शुल्क अधिसूचना संख्या 94/ 2006– सीमाशुल्क के माध्यम से शुल्क लगाया। प्राधिकारी ने पूर्व में की गई मूल जांच और अपनी पहली निर्णायक समीक्षा (ए डी डी) जांच में पाटन, क्षति, उसका कारणात्मक संबंध और चीन जनसे संबद्ध वस्तुओं के आयातों के संबंध में घरेलू .गण . उद्य ोग पर इसके प्रभाव की जांच की। विस्तृत जांच के बाद, प्राधिकारी ने सकारात्मक पाटन मार्जिन तथा घरेलू उद्योग को क्षति होने का निष्कर्ष निकाला और यह सिफारिश की कि निश्चात्मक पाटनरोधी शुल्कों को लगाये जाने की आवश्यकता थी।

3. प्राधिकारी ने बाद में पहली निर्णायक समीक्षा जांच की, जिसकी शुरूआत दिनांक दिसंबर 1, 2010 की अधिसूचना संख्या 15/15/ 2010– डी जी ए डी के माध्यम से शुरूआत की गई थी। प्राधिकारी ने दिनांक 30 नवंबर, 2011 की अधिसूचना संख्या 15/15/ 2010– डी जी ए डी के माध्यम से शुल्क को जारी रखने की सिफारिश करते हुए अंतिम जांच परिणाम अधिसूचित की। वित्त मंत्रालय दिनांक जनवरी 13, 2012 की सीमा शुल्क अधिसूचना संख्या 05/ 2012– सीमा शुल्क के माध्यम से शुल्कों को जारी रखा। प्राधिकारी ने (ए डी डी) जनवरी 12 बाद में दिनांक, 2017 की अधिसूचना संख्या 15/18/डी जी ए डी के माध्यम से दूसरी – 2016 नवंबर 9 निर्णायक समीक्षा जांच की शुरूआत की। हालांकि इस जांच को, 2017 को समाप्त कर दिया गया था। इस जांच को इस तथ्य पर विचार करते हुए समाप्त किया गया था कि क्षति की अवधि और जांच की अवधि के दौरान डी जी सी आई एंड एस आंकड़ों के अनुसार कोई आयात नहीं किया गया था।

4. आवेदक ने यह अनुरोध करते हुए पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति के संपर्क किया :वर्षों के बाद प्राधिकारी से पुन 5 कि इसकी समाप्ति के बाद, संबद्ध आयात ने भारी मात्रा में पाटित कीमतों पर भारतीय बाजार में प्रवेश करना पुन : शुरूकर दिया है और इसके फलस्वरूप आवेदक उद्योग के प्रदर्शन को प्रभावित करता है। प्राधिकारी ने आवेदक द्वारा प्रस्तुत किये गये पर्याप्त प्रथमदृष्टया साक्ष्य के आधार पर कथित पाटन की मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव का निर्धारण करने तथा पाटनरोधी शुल्क की राशि जिसे अगर लगाया गया तो वह घरेलू उद्योग को कथित क्षति को समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा की सफारिश करने के लिए नियम के अनुसार संबद्ध जांच की शुरूआत करते 5 सितंबर 30 हुए भारत के राजपत्र में प्रकाशित दिनांक, 2023 की अधिसूचना संख्या 06/18/ 2023– डी जी टी आर के माध्यम एक आम सूचना जारी की।

<u>प्रक्रिया</u>

5. निम्नलिखित निर्धारित प्रक्रिया का अनुसरण इस जांच के संबंध में किया गया है :

i) प्राधिकारी ने इस नियमावली के नियम 5(5) के अनुसार इस जांच की शुरूआत करने की कार्यवाही करने के पूर्व वर्तमान पाटनरोधी आवेदन के प्राप्त होने के बारे में भारत में संबद्ध देश के दूतावास को अधिसूचित किया।

ii) प्राधिकारी ने आवेदक द्वारा प्रस्तुत किये गये पर्याप्त प्रथमदृष्टया साक्ष्य के आधार पर कथित पाटन की मौजूदगी, मात्रा और प्रभाव का निर्धारण करने तथा पाटनरोधी शुल्क की राशि जिसे अगर लगाया गया तो वह घरेलू उद्योग को कथित क्षति को समाप्त करने के लिए पर्याप्त होगा की सफारिश करने के लिए नियम 30 के अनुसार संबद्ध जांच की शुरूआत करते हुए भारत के राजपत्र में प्रकाशित दिनांक 5 सितंबर, 2023 की अधिसूचना संख्या 06/18/ 2023– डी जी टी आर के माध्यम एक आम सूचना जारी की।

iii) प्राधिकारी ने भारत में संबद्ध देश के दूतावास, सभी ज्ञात निर्यातकों, आयातकों और प्रयोक्ताओं जिनके) को इस प्रश्नावली के साथ आम सूचना की एक प्रति (विवरण आवेदक द्वारा उपलब्ध कराये गये थे अग्रेषित की और उन्हें पाटनरोधी नियमावलीके नियम 6(2) के अनुसार लिखित रूप में अपने विचारों से अवगत कराने का अवसर दिया। उन्हें सलाह दी गई थी कि वे सूचना के प्राप्त होने की तिथि से दिनों 30 के भीतर उत्तर दें।

iv) प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(3) के अनुसार संबद्ध देश के ज्ञात निर्यातकों और दूतावास को आवेदन की अगोपनीय रूपांतर की एक प्रति उपलब्ध कराई। आवेदन की एक प्रति भी जहां कहीं भी अनुरोध किया गया अन्य हितबद्ध पक्षकारों को भी उपलब्ध कराई गई थी।

v) प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार संबद्ध देश के निम्नलिखित ज्ञात उत्पादकोंनिर्यातकों को संगत सूचना प्राप्त करने के लिए प्रश्नावलियां भेजीं। /

क्र.सं .	उत्पादक/ निर्यातक
1.	हुबई केमिकल फाइबर हुबई जिनयांग स्पेशल फाइबर कंलि .मि.
2.	एम एस शोजिंग केडे न्यू मेटेरियल कं.
3.	शानडॉग हेग्लियन न्यू मेटेरियल
4.	सिनोराइट इंटरनेशनल ट्रेड
5.	स्टार केमिकल्स फार ईस्ट कं. लिमि.
6.	वेईफांग हेग्लियन सेलोफेन –कं. लिमि.
7.	यॉगकॉग टूम इंप एक्स कं. लिमि.
8.	यूयूयाओ पेपर मिल
9.	झिजंग यूओ पेपर ग्रुप
10.	झेजियांग यूआनटल स्पेशल फिल्म कं. लिमि.

vi) संबद्ध देश के निम्नलिखित निर्यातकों उत्पादकों ने निर्यात की प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है / : अथवा अनुरोध किया है

क्र.सं .	उत्तर देने वाले उत्पादक/ निर्यातक
1.	शानडॉग हेग्लियन न्यू मेटेरियल्स कं. लिमि.
2.	शानडॉग आईसीसीएएस हेग्लियन बायोबेस्ड – मेटेरियल्स कं. लिमि.
3.	शाओजिन केडे न्यू मेटेरियल कं. लिमि.

vii) प्रश्नावलियां पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(4) के अनुसार आवश्यक सूचना की मांग करते हुए भारत में संबद्ध वस्तुओं के निम्नलिखित ज्ञात आयातकों: प्रयोक्ताओं को भी भेजी गई थी /

क्र.सं.	आयातक/ प्रयोक्ता
1.	अविवाह इण्डिया
2.	ब्राइट स्टार एजेंसी
3.	इकारटेज टेक्नोलॉजी प्रा.लिमि .
4.	हरि एजेंसीज

5.	जवारिमल डालमचंद
6.	मांगीलाल एंड क.
7.	नवस्टर इम्पेक्स
8.	क्वालिटी पेपर मार्ट
9.	शिवानंदा मार्केटिंग प्रा.लिमि .
10.	एस बी एम मार्केटिंग प्रा.लिमि .
11.	स्टेंडर्ड फायरवर्क्स .लिमि (.प्रा)
12.	सूर्या इम्पेक्स

viii) सालवोनिक ने अपने आप को संबद्ध वस्तुओं के एक उपभोक्ता के रूप में वर्तमान जांच में एक हितबद्ध पक्षकार के रूप में पंजीकृत किया। हालांकि, इसने आयातप्रयोक्ता की प्रश्नावली का उत्तर अथवा को /ई अनुरोध प्रस्तुत नहीं किया है।

ix) इसके अलावा, द इंडियन फायरवर्क्स मेनुफेक्चसर्स एसोसिएशन (टीफ्मा)ने जनवरी 24, 2024 को हुई मौखिक सुनवाई के बाद प्राधिकारी के समक्ष अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत किया। टीफ्मा ने हालांकि, वर्तमान जांच में अपने आप को एक हितबद्ध पक्षकार के रूप में पंजीकृत नहीं किया अथवा निर्धारित प्रश्नावलियों का उत्तर प्रस्तुत नहीं किया। एसोसिएशन के तर्कों का जहां कहीं भी आवश्यक हुआ उपयुक्त रूप से समाधान कर दिया गया है।

x) वर्तमान समीक्षा के उद्देश्य से जांच की अवधि 1 अप्रैल, 2022 से 31 मार्च, 2023 (12 महीने) (जिसे आगे 'जांच की अवधि' अथवा ''पी ओ आई'' कहा गया है) है। क्षति के विश्लेषण की अवधि में जांच की अवधि और उसके पूर्व के वर्षों 2019-20, 2020-21, 2021-22 को शामिल किया गया है।

xi) प्राधिकारी ने दिनांक 30 सितंबर, 2023 की जांच की शुरूआत संबंधी अधिसूचना के पैरा 7 के माध्यम से हितबद्ध पक्षकारों को विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र के संबंध में अपनी टिप्पणियां और उत्पाद नियंत्रण संख्या (पी सी एन) जांच की शुरूआत के 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत करने के लिए अवसर दिया जो 15 अक्टूबर, 2023 को समाप्त हो गया। किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र के संबंध में अथवा पी सी एन बनाये जाने के लिए निर्धारित समय अवधि के भीतर कोई अनुरोध नहीं किया गया। तदनुसार, प्राधिकारी ने 8 नवंबर, 2023 को प्रकाशित अधिसूचना के माध्यम से विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र की पुष्टि और पी सी एन नहीं बनाये जाने की कार्यवाही की जैसा कि जांच की शुरूआत संबंधी अधिसूचना में प्रस्तावित था।

xii) प्राधिकारी सभी हितबद्ध पक्षकारों और संबंधित मंत्रालय को एक आर्थिक हित प्रश्नावली (ई आई क्यू) जारी किया। ई आई क्यू का उत्तर केवल घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत किया गया है।

xiii) हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर उपलब्ध कराई गई सूचना की जांच ऐसे दावे की पर्याप्तता के संबंध में की गई थी। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने गोपनीयता के दावे को जहां कहीं भी आवश्यक हुआ स्वीकार किया है और इस प्रकार की सूचना को गोपनीय तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट न की गई सूचना माना गया है। जहां कहीं भी संभव हुआ गोपनीय आधार पर सूचना उपलब्ध कराने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतर उपलब्ध कराने का निदेश दिया।

xiv) आवेदक को उस सीमा तक अतिरिक्त सूचना मांगी गई थी जिस सीमा तक उसे आवश्यक माना गया।

xv) घरेलू उद्योग का सत्यापन उस सीमा तक किया गया था जिस सीमा तक उसे वर्तमान जांच के उद्देश्य से आवश्यक माना गया।

xvi) सभी हितबद्ध पक्षकारों की एक सूची डी जी टी आर की वेबसाइट पर उन सभी को इस अनुरोध के साथ अपलोड की गई थी कि वे जांच दल के साथ सभी अन्य हितबद्ध पक्षकारों को अपने अनुरोधों का अगोपनीय रूपांतर ई मेल करें।-

xvii) घरेलू उद्योग द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना के आधार पर तथा जिसे सामान्य रूप से स्वीकार की गई लेखांकन सिद्धांतों (जी ए ए पी) के अनुसार रखी गई सूचना के अनुसार भारत में उत्पादन की लागत तथा संबद्ध वस्तुओं का निर्माण करने और उसकी बिक्री करने की लागत के आधार पर क्षतिरहित कीमत (जिसे आगे ''एन आई पी'' कहा गया है) यह तथ्य सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित किया गया है कि क्या वर्तमान पाटनरोधी शुल्क घरेलू उद्योग को क्षति समाप्त करने के लिए पर्याप्त है।

xviii) पाटनरोधी नियमावली के नियम 6(6) के अनुसार, प्राधिकारी ने इन हितबद्ध पक्षकारों को जनवरी 24, 2024 को हुई मौखिक सुनवाई के दौरान अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के लिए अवसर दिया। हितबद्ध पक्षकारों से अनुरोध किया गया था कि वे जनवरी 31, 2024 तक अपने लिखित अनुरोध और अधिक से अधिक फरवरी 7, 2024 तक प्रतिउत्तर अनुरोध प्रस्तुत करें।

xix) जहां कहीं भी किसी हितबद्ध पक्षकार ने वर्तमान जांच की प्रक्रिया के दौरान आवश्यक सूचना तक पहुंच होने से इंकार किया है अथवा अन्य प्रकार से आवश्यक सूचना उपलब्ध नहीं कराई है अथवा जांच में बहुत अधिक हद तक बाधा पहुंचाई है, प्राधिकारी ने उपलब्ध तथ्यों के आधार पर अपनी टिप्पणी रिकार्ड की है।

xx) **सुप्रा रूल्स के नियम 16 के अनुसार, प्राधिकरण द्वारा 23 जुलाई 2024 को संबंधित इच्छुक पार्टियों को आवश्यक तथ्यों का खुलासा किया गया था। 29 जुलाई 2024 तक टिप्पणियों का अनुरोध किया गया था। प्राधिकरण द्वारा प्रासंगिक समझी गई सीमा तक प्रकटीकरण विवरण पर प्राप्त टिप्पणियों पर इस अंतिम निष्कर्ष में विचार किया गया है।**

xxi) *** इस अंतिम निष्कर्ष में एक इच्छुक पार्टी द्वारा गोपनीय आधार पर दी गई जानकारी का प्रतिनिधित्व किया गया है, और नियमों के तहत प्राधिकरण द्वारा इस पर विचार किया गया है।

xxii) भारतीय रुपए यू एस डॉलर के परिवर्तन के लिए जांच अवधि के वास्ते माना गया विनिमय दर यू एस 1 डालर= **81.06 रुपए** है।

<u>विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु</u>

6. जांच की शुरूआत के चरण में यथापरिभाषित विचाराधीन उत्पाद (जिसे आगे ''पी यू सी'' भी कहा गया है, निम्नानुसार है :

> *''3. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद ''सेलोफेन ट्रांसपेरेंट फिल्म'' (सी टी एफ जिसे आगे) (''विचाराधीन उत्पाद'' अथवा ''संबद्ध वस्तु'' भी कहा गया हैहै। इस उत्पाद को वैश्विक स्तर पर अन्य (नामों जैसे'' सेलोफेन ट्रांसपेरेंट पेपर'', ''सेलोफेन पेपर'' ''ट्रांसपेरेंट पेपर'', ''ट्रांसपेरेंट फिल्म'', ''टी पी फिल्म'', ''सी टी पी फिल्म'' आदि'' के रूप में भी जाना जाता है।*

7. विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र और पी सी एन के संबंध में हितबद्ध पक्षकारों से कोई टिप्पणियां प्राप्त नहीं हुई थी और तदनुसार, यह विचाराधीन उत्पाद और पी सी एन पद्धति अधिसूचना (जिसे आगे ''क्षेत्र अधिसूचना'' भी कहा गया है) दिनांक 8 नवंबर, 2023 के माध्यम से स्पष्ट किया गया था कि जांच की शुरूआत संबंधी अधिसूचना में विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र की पुष्टि की गई थी।

ग .1 अन् यहितबद्ध पक्षकारों द्वारा अनुरोध

8. अन्य हितबद्ध पक्षकारों विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किये गये हैं :

i) आवेदक का फ्यूटामूरा के साथ आवेदक द्वारा निर्माण न किये गये कुछ उत्पाद प्रकारों की बिक्री करने के लिए करार है।

ii) यह भी अनुरोध किया जाता है कि आवेदक रील फॉर्म में कोड किये हुए सी टी एफ और सी टी एफ का उत्पादन नहीं करता है। इस कारण से कोड किये हुए सी टी एफ और रील दोनों विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र से बाहर होने चाहिए।

iii) यह भी कि आवेदक द्वारा उत्पादन किये गये रील उन मानकों के अनुरूप नहीं हैं, जिनका उपयोग ऑटोमेशन कार्य के लिए किया जाता है। ऑटोमेशन में उपयोग किये गये रीलों को भी बाहर किया जाना चाहिए।

ग. 2 घरेलू उद्योग द्वारा अनुरोध

9. घरेलू उद्योग द्वारा विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किये गये हैं :

i) अलग अलग जी एस एम वाले सी टी एफ के अलग अलग रूप हैं। हालांकि, उपभोक्ता जी एस एम पर विचार किये बिना इन उत्पादों का एक दूसरे के स्थान पर उपयोग करते हैं।

ii) विचाराधीन उत्पाद का उपयोग देश में बड़ी संख्या में छोटेछोटे उपभोक्ताओं द्वारा किया जाता है। - विचाराधीन उत्पाद एक आदर्श पैकिंग सामग्री है। इसका उपयोग फाइल वर्क्स, मिठाइयों, फलों और खाद्य सामग्रियों, कैंडी, कंफेक्शनरीज, उपहार, साबुन, अगरबती, सिल्वरवेयर आदि की पैकिंग और रैपिंग में किया जाता है। विगत में, विचाराधीन उत्पाद की मांग में गिरावट आई थी। तथापि, हाल के कुछ वर्षों में इस उत्पाद के नये अनुप्रयोग होने लगे हैं।

iii) आवेदक का फ्यूटामूरा के साथ करार है जिसके द्वारा यह इसकी ऐसे उत्पादों के लिए बाजार का आकलन करने तथा अपने विशिष्ट उत्पाद को दर्शाने की योजना है। ये फ्यूटामूरा के लिए अतिविशिष्ट उत्पाद प्रकार हैं। न तो आवेदक और न ही चीन के उत्पादकों के पास इन उत्पादों का निर्माण करने का मालिकाना अधिकार है।

iv) जहां तक कोड किये हुए सी टी एफ का प्रश्न है, भारतीय बाजार में वर्तमान में उसकी कोई मांग नहीं है। इसका न तो आवेदक द्वारा उत्पादन किया जा रहा है और न ही आयात किया जा रहा है। किसी भी मामले में, आवेदक के पास कोड किये हुए सी टी एफ का उत्पादन करने की भी सुविधा है जिसका उत्पादन और आपूर्ति सिगरेट उद्योग को के उतरार्द्ध तक किया जा रहा था। उसके पश्चात कोड 1990 किये हुए सी टी एफ के लिए किसी मांग की जानकारी नहीं है।

v) आवेदक सी टी एफ रील फॉर्म का उत्पादन करता है, जिसे बाद में ग्राहकों की आवश्यकता के अनुसार सीटों में काटा जाता है। यदि किसी ग्राहक को रील फॉर्म में सी टी एफ की आवश्यकता होती है तो घरेलू उद्योग वह उपलब्ध करायेगा। जहां तक ऑटोमेशन कार्य के लिए उपयुक्त रील का प्रश्न है, इस उत्पाद का अभी भी प्रमुख रूप से फायर क्रेकर उद्योग में उपयोग किया जा रहा है, जिस पर आग के खतरे को देखते हुए ऑटोमेशन का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगा हुआ है।

vi) यह भी कि भारतीय उद्योग द्वारा उत्पादन किये गये संबद्ध वस्तु और चीन जनसे आयात किये गये .गण . संबद्ध वस्तु भौतिक और रासायनिक विशेषताओं, निर्माण करने की प्रक्रिया एवं प्रौद्योगिकी, कार्य एवं उपयोग, उत्पाद विनिर्देशन, कीमत निर्धारण, वितरण और विपणन तथा वस्तुओं का प्रशुल्क वगीकरण जैसी विशेषताओं के मामले में तुलनीय हैं। ये दोनों तकनीकी रूप से और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थानापन के लायक हैं। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादन किया गया यह उत्पाद विचाराधीन उत्पाद का समान वस्तु है।

vii) इसके अलावा, विगत जांच के इतिहास पर विचार करते हुए यह देखा जायेगा कि प्राधिकारी ने विचाराधीन उत्पाद और समान वस्तु के एक ही क्षेत्र का वर्तमान जांच के रूप में सतत् रूप से निर्धारण किया है। इस कारण से, इस मुद्दे पर आगे विचार-विमर्श और जांच की आवश्यकता नहीं है।

viii) आयात आंकड़ों का विश्लेषण यह दर्शाता है कि विचाराधीन उत्पाद का आयात अनेक विवरणों का उपयोग करते हुए किया गया है। विचाराधीन उत्पाद का आयात सीमा प्रशुल्क अधिनियम की 1975 के अंतर्गत किया जा रहा है। प्राधिकारी ने अधिसूचना 48239090 और 39207111 सीमा उपशीर्ष 14 संख्या/7/– 2005 डी जी ए डी के माध्यम से जारी किये गये अपने जांच परिणामों में यह भी नोट

किया था कि बड़ी संख्या में आयातों में विचाराधीन उत्पाद के उद्देश्य से वर्गीकरण नहीं है और इनका आयात जो लागू है उसकी तुलना में अलग अलग सीमा शुल्क वर्गीकरण के अंतर्गत किया गया है।

ग. 3 प्राधिकारी द्वारा जांच

10. यह नोट किया जाता है कि वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद ''सेलोफेन ट्रांसपेरेंट फिल्म'' (सी टी एफ) है। इस उत्पाद को वैश्विक स्तर पर अन्य नामों जैसे ''सेलोफेन ट्रांसपेरेंट पेपर'', ''सेलोफेन पेपर'' ''ट्रांसपेरेंट पेपर'', ''ट्रांसपेरेंट फिल्म'', ''टी पी फिल्म'', ''सी टी पी फिल्म'' आदि'' के रूप में भी जाना जाता है।

11. सी टी एफ ग्लास स्पष्ट पारदर्शिता और स्पार्कल का एक पुनउत्पादित सेल्यूलोस फिल्म है। यह लचीला फिर भी : कड़ा है। यह उत्कृष्ट मशीनी क्षमता तथा डायमेशनल स्थिरता दर्शाता है। यह लकड़ी के गूदे से बनता है। यह विषरहित, बायाडिग्रेडेबल होता है और किसी अन्य कागज जो काला राख छोड़ता है की तरह जलता है। सी टी एफ को रंगा जा सकता है अथवा यह सफेद हो सकता है। यह सीट और रोल फार्म में उपलब्ध है। यह एक पैकेजिंग सामग्री है और इसका प्रमुख रूप से उपयोग फायर वर्क्स की पैकिंग और रेपिंग में किया जाता है क्योंकि यह नमी को रोकता है और इस कारण से क्रेकर्स के न फूटने से बचाता है और इसके गैर स्थेतिक गुणों के कारण आग का खतरा नहीं होता है और केवल चिपचिपे पदार्थ का उपयोग करते हुए डिक्री योग्य है। इसके अलावा, इसका उपयोग मिठाइयों, फलों और खाद्य सामग्रियों, कैंडी, कंफेक्शनरीज, उपहार, साबुन, अगरबती, सिल्वरवेयर की पैकिंग और रैपिंग में किया जाता है। इसके अलावा, सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगाये गये प्रतिबंध और इकोफ्रेंडली - उत्पादों के बारे में जागरूकता बढ़ने के साथ, इस उत्पाद के नये अनुप्रयोग हाल में शुरू हुए हैं।

12. अलग अलग जी एस एम वाले सी टी एफ के अलग अलग रूप हैं। आवेदक ने दावा किया है कि उपभोक्ता इन उत्पादों का एक दूसरे के स्थान पर उपयोग कर सकते हैं क्योंकि विचाराधीन उत्पाद के अलग अलग ग्रेडों और जी एस एम में कीमत में बहुत अधिक अंतर नहीं है। इसके अलावा, घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि वे इस विचाराधीन उत्पाद का उत्पादन रील और सीट फार्म दोनों में करते हैं और उनके पास कोड किये हुए सेलोफेन के उत्पादन की सुविधा है जो निष्क्रिय है। उसी सुविधा का उपयोग कोड किये हुए सी टी एफ के उत्पादन के लिए किया जा सकता है यदि उसकी कोई मांग हो। चूंकि अलग अलग जी एस एम अथवा ग्रेड अथवा गुणवत्ता के विचाराधीन उत्पाद में बहुत अधिक अंतर नहीं है, अतसभी प्रकारों के सी टी एफ विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र में : आते हैं। इसके अलावा, यह देखा गया है कि यद्यपि कोड किये हुए सेलोफेन का बहुत कम मात्रा में किया गया है। याचिकाकर्ता और फ्यूटामूरा के बीच किया गया बिक्री करार प्राधिकारी के साथ साझा किया गया था लेकिन वह करार के क्षेत्र के अंतर्गत उत्पादों की सूची के बिना है। चूंकि किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने याचिकाकर्ता द्वारा किये गये दावे का कोई खंडन नहीं किया है कि अलग अलग जी एस एम अथवा ग्रेड अथवा गुणवत्ता के विचाराधीन उत्पाद अथवा किसी प्रकार के सी टी एफ में कोई बहुत अधिक अंतर नहीं है, इसलिए सभी प्रकार के सेलोफेन विचाराधीन उत्पाद के क्षेत्र के अंतर्गत हैं।

13. वर्तमान जांच में विचाराधीन उत्पाद ''सेलोफेन ट्रांसपेरेंट फिल्म'' (सी टी एफ (है। इस उत्पाद को वैश्विक स्तर पर अन्य नामों जैसे ''सेलोफेन ट्रांसपेरेंट पेपर'', ''सेलोफेन पेपर'' ''ट्रांसपेरेंट पेपर'', ''ट्रांसपेरेंट फिल्म'', ''टी पी फिल्म'', ''सी टी पी फिल्म'' आदि'' के रूप में भी जाना जाता है। विचाराधीन उत्पाद की पहचान सीमा प्रशुल्क अधिनियम के अंतर्गत आयात किये गये उत्पाद के 48239090 और 39207111 के सीमा शुल्क उपशीर्ष 1975 विवरण के आधार पर किया गया था।

14. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित समान वस्तु और संबद्ध देश से आयात किये गये विचाराधीन उत्पाद भौतिक और रासायनिक विशेषताओं, कार्य एवं उपयोग, उत्पाद विनिर्देशन, कीमत निर्धारण, वितरण और विपणन तथा वस्तुओं का प्रशुल्क वर्गीकरण जैसी विशेषताओं के मामले में तुलनीय हैं। घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित वस्तु और संबद्ध देश से आयात की गई वस्तु इस नियमावली के संदर्भ में समान वस्तु हैं। ये दोनों तकनीकी रूप से और वाणिज्यिक रूप से प्रतिस्थानापन के लायक हैं। प्राधिकारी यह मानते हैं कि घरेलू उद्योग द्वारा उत्पादित संबद्ध वस्तु पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(घ) के क्षेत्र और तात्पर्य के अंतर्गत संबद्ध देश से आयात किये गये विचाराधीन उत्पाद का समान वस्तु है।

<u>घरेलू उद्योग का क्षेत्र और आधार</u>

घ .1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अनुरोध

15. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा घरेलू उद्योग और इसके आधार के संबंध में कोई अनुरोध नहीं किया गया है।

घ. 2 घरेलू उद्योग द्वारा अनुरोध

16. आवेदक ने घरेलू उद्योग और इसके आधार के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किये हैं :

i) यह आवेदन मैसर्स केसोराम रेयन, सिग्नेट इंडस्ट्रीज लिमिकी एक इकाई द्वारा दायर किया गया है। .

ii) आवेदक के अलावा भारत में कोई अन्य उत्पादक नहीं है। वास्तव में, आवेदक न केवल भारत में बल्कि दक्षिण पूर्व एशिया के संपूर्ण भाग में भी समान वस्तु का एक मात्र उत्पादक है।

iii) आवेदक ने संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं का न तो आयात किया है और न ही इसका भारत में किसी आयातक अथवा संबद्ध देश के उत्पादक/ निर्यातक से संबंध है।

iv) आवेदक भारत में समान वस्तु का एकमात्र उत्पादक है और इस कारण से इसका कुल भारतीय उत्पादन में 'बहुत बड़ा अनुपात' है और यह पाटनरोधी नियमावली के नियम 2(ख) और नियम 5(3) की अपेक्षाओं को पूरा करता है।

घ3 . प्राधिकारी द्वारा जांच

17. पाटन रोधी नियमावली का नियम 2(ख) में घरेलू उद्योग को निम्नानुसार परिभाषित करता है :

'(ख) ''घरेलू उद्योग'' का तात्पर्य ऐसे समग्र घरेलू उत्पादकों से है जो समान वस्तु के विनिर्माण और उससे जुड़े किसी कार्यकलाप में संलग्न हैं अथवा ऐसे उत्पादकों से है जिनका उक्त वस्तु का सामूहिक उत्पादन उक्त वस्तु के कुल घरेलू उत्पादन का एक बड़ा भाग बनता है सिवाए उस स्थिति के जब ऐसे उत्पादक आरोपित पाटित वस्तु के निर्यातकों या आयातकों से संबंधित होते हैं अथवा वे स्वयं उसके आयातक होते हैं, तो ऐसे मामले में ''घरेलू उद्योग'' पद का अर्थ शेष उत्पादकों के संदर्भ में लगाया जा सकता है ।

18. वर्तमान आवेदन मैसर्स केसोराम रेयान सिग्नेट इंडस्ट्रीज लिमि. की एक इकाई द्वारा दायर किया गया है। आवेदक ने संबद्ध वस्तुओं का न तो आयात किया है और न ही इसका संबंध उसके आयातक अथवा निर्यातक है। आवेदक कंपनी नियम 2(ख) के तात्पर्य के अंतर्गत एक पात्र घरेलू उद्योग है।

19. इस आवेदक का भारतीय उत्पादन का 100 प्रतिशत हिस्सा है। यह देखा गया है कि इस आवेदक का भारतीय उत्पादन में बड़ा अनुपात है।

20. इस प्रकार प्राधिकारी यह प्रस्ताव करते हैं कि यह आवेदन इस नियमावली के नियम 5(3) के संदर्भ में आधार के मानदंड को पूरा करता है। इसके अलावा, यह आवेदक केसोराम रेयोन से प्रस्ताव है कि वह इस नियमावली के तात्पर्य से घरेलू उद्योग बने।

<u>गोपनीयता</u>

ड .1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों का अनुरोध

21. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीयता के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किये गये हैं :

i) यह कि घरेलू उद्योग ने फ्यूटामुरा के साथ अपने करार जहां यह फ्यूटामुरा के लिए एक एजेंट के रूप में कार्य कर रहा है, के बारे में नहीं बताया। यह सभी अन्य स्रोतों से सामग्री को अवरुद्ध करने का प्रयास कर रहा है।

ii) यह कि घरेलू उद्योग ने भारत में एक संभावित संयुक्त उद्यम की तलाश करने के लिए फ्यूटामुरा के साथ अपने समझौता ज्ञापन के बारे में नहीं बताया है। फ्यूटामुरा इस कंपनी में प्रतिशत हिस्से को देख रहा 24 है। घरेलू उद्योग ने अपने तकनीकी सहायता करार के बारे में भी नहीं बताया है।

iii) यह कि घरेलू उद्योग को लागू व्यापार सूचनाओं के अनुसार अपनी सूचना का उचित अगोपनीय रूपांतर उपलब्ध कराना चाहिए।

ड. 2 घरेलू उद्योग द्वारा अनुरोध

22. घरेलू उद्योग द्वारा गोपनीयता के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किये गये हैं :

i) घरेलू उद्योग ने अनुरोध किया कि प्रतिवादी द्वारा संदर्भित करार गोपनीय हैं और वे वर्तमान जांच की कार्यवाहियों से संगत नहीं हैं।

ii) तकनीकी सहायता करार आवेदक के पूर्व पत्रों में संदर्भित था लेकिन उसकी विस्तार से चर्चा गोपनीयता के कारणों से नहीं की गई थी। इसके अलावा, फ्यूटामुरा के साथ करार उनके अनन्य उत्पादों को दर्शाने तथा उन्हें भारतीय बाजार के लिए विकसित करने के लिए था। यदि ऐसे उत्पादों की निरंतर मात्रा में मांग हो तब आवेदक भविष्य में निवेश के साथ आगे बढ़ेंगे।

iii) आवेदक किसी भी स्रोत से सामग्री को अवरुद्ध करने का प्रयास नहीं कर रहा है। आयात किसी भी स्रोत से भारतीय बाजार में लेकिन उचित कीमत पर आता रह सकता है ताकि समान अवसर उपलब्ध हों।

iv) फ्यूटामुरा के साथ एक संभावित संयुक्त उद्यम की तलाश करने के लिए समझौता ज्ञापन केवल चर्चा के स्तर पर है। इन पक्षकारों के बीच कोई निश्चयात्मक करार पर नहीं पहुंचा गया है।

ड. 3 प्राधिकारी द्वारा जांच

23. प्राधिकारी ने नियम 6(7) के अनुसार सभी अन्य हितबद्ध पक्षकारों को इन विभिन्न पक्षकारों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना का अगोपनीय रूपांतर उपलब्ध कराया था।

24. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना की गोपनीयता के संबंध में, पाटन-रोधी नियमावली के नियम-7 में निम्नानुसार व्यवस्था है :-

''7. गोपनीय सूचना :

(1) नियम 6 के उपनियमों (2), (3) और (7), नियम 12 के उपनियम (2), नियम 15 के उपनियम (4) और नियम 17 के उपनियम (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी जांच की प्रक्रिया में नियम 5 के उपनियम (1) के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के प्रतियां या किसी पक्षकार द्वारा गोपनीय आधार पर निर्दिष्ट प्राधिकारी को प्रस्तुत किसी अन्य सूचना के संबंध में निर्दिष्ट प्राधिकारी उसकी गोपनीयता से संतुष्ट होने पर उस सूचना को गोपनीय मानेंगे और ऐसी सूचना देने वाले पक्षकार से स्पष्ट प्राधिकार के बिना किसी अन्य पक्षकार को ऐसी किसी सूचना का प्रकटन नहीं करेंगे।

(2) निर्दिष्ट प्राधिकारी गोपनीय अधिकारी पर सूचना प्रस्तुत करने वाले पक्षकारों से उसका अगोपनीय सारांश प्रस्तुत करने के लिए कह सकते हैं और यदि ऐसी सूचना प्रस्तुत करने वाले किसी पक्षकार की राय में उस सूचना का सारांश नहीं हो सकता है तो वह पक्षकार निर्दिष्ट प्राधिकारी को इस बात के कारण संबंधी विवरण प्रस्तुत करेगा कि सारांश करना संभव क्यों नहीं है।

(3) उप नियम (2) में किसी बात के होते हुए भी यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि गोपनीयता का अनुरोध अनावश्यक है या सूचना देने वाला या तो सूचना को सार्वजनिक नहीं करना चाहता है या उसकी सामान्य रूप में या सारांश रूप में प्रकटन नहीं करना चाहता है तो वह ऐसी सूचना पर ध्यान नहीं दे सकते हैं।

25. हितबद्ध पक्षकारों द्वारा गोपनीय आधार पर उपलब्ध कराई गई सूचना की जांच ऐसे दावे की पर्याप्तता के संबंध में की गई थी। संतुष्ट होने पर, प्राधिकारी ने गोपनीयता के दावे को जहां कहीं भी आवश्यक हुआ स्वीकार किया है और इस प्रकार की सूचना को गोपनीय तथा अन्य हितबद्ध पक्षकारों को प्रकट न की गई सूचना माना गया है। जहां कहीं भी संभव हुआ गोपनीय आधार पर सूचना उपलब्ध कराने वाले पक्षकारों को गोपनीय आधार पर प्रस्तुत की गई सूचना का पर्याप्त अगोपनीय रूपांतर उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया था। प्राधिकारी यह भी नोट करते हैं कि सभी हितबद्ध पक्षकारों ने अपने व्यापार से संबंधित संवेदनशील सूचना को गोपनीय के रूप में माना है।

26. प्राधिकारी ने जांच की शुरूआत की सूचना के विभिन्न पराओं में विस्तृत रूप से हितबद्ध पक्षकारों को संगत सूचना उपलब्ध कराने के लिए समयसीमाओं का उल्लेख किया है। जांच की शुरूआत की सूचना के पैरा 27 में, प्राधिकारी ने सीमा के संबंध में उल्लेख किया कि ''यदि कोई सूचना निर्धारित समय सीमा के भीतर प्राप्त नहीं होती है अथवा प्राप्त सूचना पूर्ण नहीं हो, तब प्राधिकारी इस नियमावली के अनुसार रिकार्ड पर उपलब्ध तथ्यों के आधार पर अपने जांच परिणाम रिकार्ड कर सकते हैं।'' इसके अलावा, सूचना के पैरा 33, प्राधिकारी ने दावा की गई गोपनीयता के संबंध में अपनी टिप्पणियां प्रस्तुत करने के लिए हितबद्ध पक्षकारों के वास्ते दस्तावेजों के अगोपनीय रूपांतर के प्राप्त होने से 7 दिनों की समय सीमा निर्धारित की।

27. यह नोट किया जाता है कि प्रतिवादियों ने निर्धारित अवधि के भीतर गोपनीयता के संबंध में अपनी टिप्पणियां नहीं की। इसके अलावा, वे इस तथ्य की भी पुष्टि नहीं कर पाये कि क्या आवेदक के अनुरोधों का अगोपनीय पाठ गोपनीयता के संबंध में प्राधिकारी की व्यापार सूचना के अनुसार नहीं थी।

28. किसी भी मामले में, प्राधिकारी ने आवेदक के आंकड़ों के सत्यापन के दौरान अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अभिज्ञात करारों की जांच की। इस जांच के बाद यह पाया गया था कि ये करार वर्तमान जांच से संगत नहीं हैं। इसके अलावा, जबकि आवेदक ने अपने अनुरोधों में इन करारों के मौजूद होने को माना, उनका प्रकटन गोपनीयता की शर्तों द्वारा सीमित था।

29. इसके अलावा, न तो इन करारों की मौजदूगी, संभावित संयुक्त उद्यम और न ही शुल्कों को लगाना भारतीय बाजार में संबद्ध वस्तुओं के प्रवेश के लिए एक अवरोधक के रूप में कार्य करेगा। जब तक संबद्ध वस्तुओं का आयात अपाटित कीमतों पर किया जायेगा, वे बाजार में प्रवेश करते रहेंगे।

<u>पाटन का आकलन और सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत, पाटन मार्जिन क्षतिरहित कीमत और क्षति मार्जिन का निर्धारण</u>

च1 . अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अनुरोध

30. अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में कोई अनुरोध नहीं किया।

च2 . अन्य उद्योग द्वारा अनुरोध

31. घरेलू उद्योग सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किये गये हैं :

i) चीन को उन मामलों में प्राधिकारी और अन्य देशों में जांच करने वाले प्राधिकारियों द्वारा लिये गये दृष्टिकोण के अनुसार एक गैर-बाजार अर्थव्यवस्था माना जाना चाहिए। चीन के उत्पादकों की लागत और कीमत पर सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए विश्वास नहीं किया जा सकता है।

ii) प्राधिकारी को सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए अनुबंध-। का पैरा 1-6 का तभी अनुसरण करना चाहिए यदि उत्तर देने वाली चीन की कंपनियां यह सिद्ध करती हैं कि उनकी लागत और कीमत सूचना ऐसी है कि अलग अलग सामान्य मूल्य और पाटन मार्जिन का निर्धारण किया जा सकता है। यदि उत्तर देने वाली चीन की कंपनियां यह दर्शाने के लिए सक्षम नहीं हो कि उनकी लागत और कीमत से संबंधित सूचना को लिया जा सकता है, निर्दिष्ट प्राधिकारी अलग अलग पाटन मार्जिन के दावे को अस्वीकार करेंगे।

iii) इस नियमावली के अनुबंध-। पैरा 1 से 6 चीन जन. गण. से आयातों के लिए सामान्य मूल्य की गणना के वास्ते लागू नहीं होती है यदि कोई उत्पादक/ निर्यातक पर्याप्त साक्ष्य नहीं दर्शाता है कि वह बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियों के अंतर्गत कार्य कर रहा है। परिणामस्वरूप, चीन जन. गण. के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण इस नियमावली के अनुबंध-1 के पैरा 7 के संदर्भ में किया जाना है।

iv) चीन के उत्पादकों से यह अपेक्षित है कि उन्हें गैर-बाजार अर्थव्यवस्था परिवेश के अंतर्गत कार्य करने वाली कंपनियों के रूप में माना जाये और प्राधिकारी अनुबंध-1 के पैरा 7 के आधार पर सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के लिए आगे की कार्यवाही कर सकते हैं।

v) आवेदक ने यूके में संबद्ध वस्तुओं के उत्पादक की बिक्री कीमत के संबंध में सूचना दी, जिस पर सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए विचार किया गया था। इसके अलावा, आवेदक ने यूके से भारत में सी टी एफ की आयात कीमत पर विचार करने का भी प्रस्ताव किया। क्योंकि यह भारत में कुल आयातों का 2.8 प्रतिशत होता है।

vi) अंत में, आवेदक ने बिक्री के लिए योग के बाद उचित लाभ, सामान्य एवं प्रशासनिक खर्च और उचित लाभ को जोड़कर घरेलू उद्योग की बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक लागतों को शामिल करने के लिए

विधिवत समायोजित भारत में घरेलू उद्योग की लागतों पर विचार करते हुए उत्पादन की लागत के अनुमान के आधार पर सामान्य मूल्य की गणना भी की।

vii) निर्यात कीमत का निर्धारण डी जी सी आई एंड एस आंकड़ों की अनुपलब्धता को देखते हुए बाजार सूचना स्रोतों से लिए गए आंकड़ों के अनुसार जांच की प्रस्तावित अवधि के लिए आयातों की मात्रा और मूल्य परविचार करते हुए किया गया है। कीमत समायोजनों का दावा निष्पक्ष तुलना के उद्देश्य से परम्परांगत आधार पर किया गया है।

viii) आवेदक ने अध्याय 39 और 48 दोनों के अंतर्गत डी जी सी आई एंड एस और डी जी प्रणाली के साथ उत्तर देने वाले निर्यातकों द्वारा उपलब्ध कराई गई निर्यात मात्रा और मूल्य के सत्यापन का अनुरोध किया है।

ix) इसके अलावा, आवेदक ने प्राधिकारी से यह अनुरोध किया कि वे इस तथ्य पर विचार करें कि निर्यातकों ने उन सभी खर्चों की सूचना दी है जिनका वहन उनके द्वारा इस उत्पाद का निर्यात करने में किया गया है। इसके अलावा, यह भी नोट किया ही जाना चाहिए कि निर्यातकों से उन सभी खर्चों की सूचना देना अपेक्षित है जो घरेलू और निर्यात किये गये उत्पाद के बीच बिक्री के नियमों और शर्तों के बीच अंतरों को दूर करता हो।

x) दिये गये सुझाव के अनुसार सामान्य मूल्य की गणना पर विचार करते हुए, पाटन मार्जिन की गणना की गई है। इस प्रकार से गणना किया गया पाटन माजिन न केवल न्यूनतम स्तर से ऊपर है बल्कि बहुत ही अधिक है।

xi) आवेदक का यह तर्क भी है कि संबद्ध वस्तुओं का भारतीय बाजार में, अंतिम उपभोक्ता घरेलू और आयात किये गये उत्पाद के बीच कीमत में अंतर की सीमा तक लाभ नहीं अर्जित कर सके। संबद्ध आयातों का लगभग पूरा हिस्सा व्यापारियों द्वारा किया जा रहा है जो अधिकांश ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं। ये व्यापारी अपने लिए बहुत अधिक मार्जिन लेने के बाद भी घरेलू उद्योग की कीमतों की कटौती कर रहे हैं। किसी भी व्यापारी ने वर्तमान जांच में भाग नहीं लिया है। व्यापारियों का भाग नहीं लेना एक जानबूझकर किया गया कार्य है क्योंकि आयातक की प्रश्नावली में उनसे यह इच्छित होगी कि वे अपने पुन: बिक्री कीमतों के बारे में बतायें।

च. 3 प्राधिकारी द्वारा जांच

32. इस अधिनियम की धारा 9क (1)(ग) के अधीन, किसी वस्तु के संबंध में सामान्य मूल्य का तात्पर्य है :

(i) *व्यापार की सामान्य प्रक्रिया के समान वस्तु की तुलनीय कीमत जब वह उप नियम* (6) *के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित निर्यातक देश या क्षेत्र में खपत के लिए नियत हो, अथवा*

(ii) *जब निर्यातक देश या क्षेत्र के घरेलू बाजार में व्यापार की सामान्य प्रक्रिया में समान वस्तु की बिक्री न हुई हो अथवा जब निर्यातक देश या क्षेत्र की बाजार विशेष की स्थिति अथवा उसके घरेलू बाजार में कम बिक्री मात्रा के कारण ऐसी बिक्री की उचित तुलना न हो सकती हो तो सामान्य मूल्य निम्नलिखित में से कोई एक होगा*:

क. समान वस्तु की तुलनीय प्रतिनिधिक कीमत जब उसका निर्यात उप धारा (6) *के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार निर्यातक देश या क्षेत्र से या किसी उचित तीसरे देश से किया गया हो; अथवा*

ख. उपधारा (6) *के अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार यथानिर्धारित प्रशासनिक, बिक्री और सामान्य लागत एवं लाभ हेतु उचित वृद्धि के साथ उदगम वाले देश में उक्त वस्तु की उत्पादन लागत।*

परंतु यदि उक्त वस्तु का आयात उदगम वाले देश से भिन्न किसी देश से किया गया है और जहां उक्त वस्तु को निर्यात के देश से होकर केवल स्थानांतरण किया गया है अथवा ऐसी वस्तु का उत्पादन निर्यात के देश में नहीं होता है, अथवा निर्यात के देश में कोई तुलनीय कीमत नहीं है, वहां सामान्य मूल्य का निर्धारण उदगम वाले देश में उसकी कीमत के संदर्भ में किया जाएगा।

33. प्राधिकारी ने संबद्ध देश के ज्ञात उत्पादकों/ निर्यातकों तथा उपयुक्त राजनयिक प्रतिनिधियों को यह सलाह देते हुए प्रश्नावलियां भेजी की वे प्राधिकारी द्वारा निर्धारित रूप में और तरीके से सूचना निर्धारित समय अवधि के भीतर उपलब्ध करायें।

34. जांच की शुरूआत के चरण में, प्राधिकारी ने इस सूचना पर विचार करते हुए सामान्य मूल्य का निर्धारण किया जो जांच की शुरूआत करने के लिए उपलब्ध थी और पर्याप्त थी। हालांकि, जांच की शुरूआत के बाद, सामान्य मूल्य के निर्धारण हितबद्ध पक्षकारों से प्राप्त उत्तरों पर विचार करने के बाद किया गया है।

35. निम्नलिखित उत्पादकों/ निर्यातकों ने इस जांच में प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है :

क. मैसर्स शॉनडॉग हेंग्लियन न्यू मेटेरियल्स कं. लिमि. और इसका संबंधित पक्षकार मैसर्स शॉनडॉग आईसीसीएएस – हेंग्लियन बायोबेस्ड मेटेरियल्स कं. लिमि.

ख. शाओसिंग केडे न्यू मेटेरियल कं. लिमि.

36. संबद्ध देश के सभी उत्पादकों/ निर्यातकों के लिए सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत का निर्धारण निम्नानुसार किया गया है।

च. 3.1 सामान्य मूल्य

37. डब्ल्यू टी ओ में चीन के एक्सेशन प्रोटोकोल के अनुच्छेद 15 में निम्नानुसार व्यवस्था है:

"जी ए टी टी 1994 का अनुच्छेद-VI, टैरिफ और व्यापार पर सामान्य करार, 1994 ("पाटनरोधी करार") के अनुच्छेद-VI का कार्यान्वयन संबंधी करार और एससीएम करार किसी डब्ल्यू टी ओ सदस्य में चीन के मूल के आयातों में शामिल कार्यवाही में निम्नलिखित के संगत लागू होगा :

(क) जीएटीटी, 1994 के अनुच्छेद-VI और पाटनरोधी करार के अंतर्गत कीमत तुलनीयता के निर्धारण में आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य या तो जांचाधीन उद्योग के लिए चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेंगे या उस पद्धति को उपयोग करेंगे जो निम्नलिखित नियमों के आधार पर चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्ती से तुलना करने में आधारित नहीं है:

(i) यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह दिखा सकते हैं कि समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग में उस उत्पाद के विनिर्माण, त्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां रहती है तो आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य मूल्य की तुलनीयता का निर्धारण करने में जांचाधीन उद्योग के लिए चीन की कीमतों अथवा लागतों का उपयोग करेगा।

(ii) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उस पद्धति का उपयोग कर सकता है जो चीन में घरेलू कीमतों अथवा लागतों के साथ सख्त तुलना पर आधारित नहीं है, यदि जांचाधीन उत्पादक साफ-साफ यह नहीं दिखा सकते हैं कि उस उत्पाद के विनिर्माण, उत्पादन और बिक्री के संबंध में बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां समान उत्पाद का उत्पादन करने वाले उद्योग के लिए लागू नहीं हैं।

(iii) एससीएम समझौते के भाग II, III और V के अंतर्गत कार्यवाहियों में अनुच्छेद 14(क), 14(ख), 14(ग) और 14(घ) में निर्धारित राज्य हायता को बताते समय एससीएम समझौते के प्रासंगिक प्रावधान लागू होंगे, तथापि, उसके प्रयोग करने में यदि विशेष कठिनाईयां हों, तो आयात करने वाले डब्ल्यूटीओ सदस्य राजसहायता लाभ की पहचान करने और उसको मापने के लिए ऐसी पद्धति का

उपयोग कर सकते हैं जिसमें उस संभावना को ध्यान में रखा जाए कि चीन में प्रचलित निबंधन और शर्तें उपयुक्त बेंचमार्क के रूप में सदैव उपलब्ध नहीं हो सकती है। ऐसी पद्धतियों को लागू करने में, जहां व्यवहार्य हो, आयात करने वाला डब्ल्यूटीओ सदस्य के द्वारा चीन से बाहर प्रचलित निबंधन और शर्तों के उपयोग के बारे में विचार करने से पूर्व ऐसी विद्यमान निबंधन और शर्तों को समायोजित करना चाहिए।

(iv) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य उप-पैराग्राफ (क) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को पाटनरोधी प्रक्रिया समिति के लिए अधिसूचित करेगा तथा उप पैराग्राफ (ख) के अनुसार प्रयुक्त पद्धतियों को सब्सिडी तथा प्रतिसंतुलनकारी उपायों संबंधी समिति को अधिसूचित करेगा।

(v) आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के तहत चीन के एक बार बाजार अर्थव्यवस्था सिद्ध हो जाने पर, उप पैराग्राफ के प्रावधान (क) के प्रावधान समाप्त कर दिए जाएंगे, बशर्ते कि आयात करने वाले सदस्य के राष्ट्रीय कानून में एक्सेशन की तारीख के अनुरूप बाजार अर्थव्यवस्था संबंधी मानदंड हो। किसी भी स्थिति में उप पैराग्राफ (क)(ii) के प्रावधान एक्सेशन की तारीख के बाद 15 वर्षों में समाप्त हो जाएंगे । इसके अलावा, आयातक डब्ल्यूटीओ सदस्य के राष्ट्रीय कानून के अनुसरण में चीन के द्वारा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि बाजार अर्थव्यवस्था की स्थितियां एक विशेष उद्योग अथवा क्षेत्र में प्रचलित हैं, उप पैराग्राफ (क) के गैर-बाजार अर्थव्यवस्था के प्रावधान उस उद्योग अथवा क्षेत्र के लिए आगे लागू नहीं होंगे।"

i) इस नियमावली के अनुबंध-। के पैरा-7 को निम्नानुसार पढ़ा जाये :

गैर-बाजार अर्थव्यवस्था वाले देशों से आयातों के मामले में सामान्य मूल्य का निर्धारण बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश की कीमत अथवा संरचित मूल्य, अथवा किसी तीसरे देश से भारत सहित अन्य देशों के लिए कीमत अथवा जहां यह संभव न हो, अथवा अन्य किसी समुचित आधार पर किया जाएगा जिसमें भारत में समान वस्तु के लिए वास्वित रूप से संदत्त अथवा भुगतान योग्य कीमत, जिनमें यदि आवश्यक हो तो लाभ की समुचित गुंजाइश भी शामिल की जाएगी निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा बाजार अर्थव्यवस्था वाले किसी तीसरे समुचित देश का चयन उचित तरीके से किया जाएगा जिसमें संबंधित देश के विकास के स्तर तथा प्रश्नगत उत्पाद का ध्यान रखा जाएगा और चयन के समय उपलब्ध कराई गई किसी विश्वसनीय सूचना का भी ध्यान रखा जाएगा । जहां उचित हो, उचित समय सीमा के भीतर किसी अन्य बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के संबंध में इसी प्रकार के मामले में की गई जांच पर भी ध्यान दिया जाएगा। जांच से संबंधित पक्षों को बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश के उपर्युक्त प्रकार से चयन के बारे में बिना किसी विलंब के सूचित किया जाएगा और उन्हें अपनी टिप्पणियां देने के लिए उचित अवधि प्रदान की जाएगी।

38. यह नोट किया जाता है कि पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-। का पैरा 7 गैर बाजार अर्थव्यवस्थाओं के लिए सामान्य मूल्य तय करने की तीन पद्धतियां निर्धारित करती हैं : (क) बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश में कीमत अथवा तय किये गये मूल्य के आधार पर (ख) तीसरे देश से भारत सहित अन्य देशों को निर्यात कीमत और (ग) कोई अन्य तर्कसंगत आधार पर। प्राधिकारी नोट करते हैं कि पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-। के पैरा 7 के प्रावधानों के अंतर्गत, सामान्य मूल्य का सर्वप्रथम निर्धारण प्रतिनिधि देश में कीमत अथवा तय किये गये मूल्य के आधार पर अथवा ऐसे देश से भारत सहित अन्य देशों को निर्यात की कीमत पर सर्वप्रथम निर्धारित किया ही जाना चाहिए। हालांकि, जब ऐसा आधार संभव नहीं हो तभी प्राधिकारी भारत में भुगतान की गई अथवा भुगतान योग्य कीमत सहित किसी अन्य तर्कसंगत आधार पर सामान्य मूल्य का निर्धारण कर सकते हैं।

39. यह नोट किया जाता है कि इन पक्षकारों द्वारा पहली और दूसरी पद्धतियों के आधार पर सामान्य मूल्य तय करने के लिए कोई सत्यापन किये जाने योग्य सूचना/ साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराया गया है। जबकि आवेदक ने एक बाजार अर्थव्यवस्था वाले तीसरे देश अर्थात यूनाटिड किंग्डम (यूके) ने प्रचलित कीमत का साक्ष्य प्रस्तुत तो किया ही लेकिन वह यूके में एक उत्पादक अर्थात फ्यूटामुरा केमिकल यूके लिमि. की एक मात्र बीजक में केवल उद्धृत कीमत पर आधारित था। एकमात्र बीजक प्राधिकारी के लिए सामान्य मूल्य का निर्धारण के वास्ते एक संदर्भ के रूप में इसका उपयोग करने के लिए पर्याप्त प्रतिनिधिक नहीं है।

40. इसके अलावा, ऐसा जाना जाता है कि विचाराधीन उत्पाद का आयात कम से कम दो एचएस कोडों के अंतर्गत किया गया है जैसा कि पहले ही इसमें ऊपर जांच की गई है और इस कारण से तीसरे देश से अन्य देशों को संबद्ध वस्तुओं की निर्यात कीमत का पूर्वानुमान लगाना संभव नहीं है। एक संबद्ध देश को छोड़कर तीसरे देशों से भारत में बहुत अधिक आयात नहीं हो रहा है। प्राधिकारी के पास उपर्युक्त दो पद्धतियों से सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के लिए कोई सार्वजनिक आंकड़े भी उपलब्ध नहीं हैं। इस कारण से प्राधिकारी ने तीसरी पद्धति अर्थात ''भारत में वास्तव में भुगतान की गई अथवा भुगतान के योग्य कीमत सहित किसी अन्य तर्कसंगत आधार पर'' चीन जन. गण. से सभी निर्यातकों/ उत्पादकों के लिए सामान्य मूल्य तय किया है। प्राधिकारी ने भारत में भुगतान की गई अथवा भुगतान योग्य कीमत के आधार पर सामान्य मूल्य *** के रूप में तय किया है।

च. 3.2 निर्यात कीमत

क) शानडॉग हेंग्लियन न्यू मेटेरियल्स कं. लिमि. और मैसर्स शानडॉग आईसीसीएएस – हेंग्लियन बायोबेस्ड मेटेरियल्स कं. लिमि. (''शानडॉग ग्रुप'')

41. इस जांच परिणाम में, शानडॉग हेंग्लियन न्यू मेटेरियल्स कं. लिमि. और मैसर्स शानडॉग आईसीसीएएस – हेंग्लियन बायोबेस्ड मेटेरियल्स कं. लिमि. को एक साथ ''शानडॉग ग्रुप'' कहा गया है जबकि शानडॉग हेंग्लियन न्यू मेटेरियल्स कं. लिमि. ''शानडॉग हेग्लियन'' कहा गया है और शानडॉग आईसीसीएएस – हेंग्लियन बायोबेस्ड मेटेरियल्स कं. लिमि. को ''शानडॉग आईसीसीएएस'' कहा गया है।

42. निर्यातक की प्रश्नावली के उत्तर में प्रस्तुत की गई सूचना के आधार पर, प्राधिकारी नोट करते हैं कि शानडॉग हेग्लियन चीन जन. गण. से संबद्ध वस्तुओं का एक उत्पादक और निर्यातक है। शानडॉग हेग्लियन ने जांच की अवधि के दौरान भारत में सीधे तौर पर अपने असंबंधित ग्राहकों को *** सी टी एफ का निर्यात किया है जिसका सत्यापन किया गया था तथा उसे डीजी प्रणाली डाटाबेस के अनुसार मात्रा और मूल्य के मामले में सही पाया गया था। इसका संबंधित पक्षकार शानडॉग आईसीसीएएस ने भी निर्यातक की प्रश्नावली का उत्तर प्रस्तुत किया है। शानडॉग आईसीसीएएस चीन से संबद्ध वस्तुओं का एक उत्पादक भी है; हालांकि, इसने संबद्ध वस्तुओं की घरेलू स्तर पर केवल बिक्री की है और या तो भारत को अथवा तीसरे देशों को संबद्ध वस्तुओं का निर्यात नहीं किया है।

43. शानडॉग हेंग्लियन ने अपेक्षित रूप में और तरीके से संगत सूचना उपलब्ध कराई है और समुद्री भाड़े, बीमा, अंतरदेशीय भाड़े, पोर्ट प्रभार और बैंक प्रभार के कारण समायोजनों का दावा किया है।

44. प्राधिकारी ने शानडॉग हेंग्लियन द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना का डेस्क सत्यापन किया है और शानडॉग हेंग्लियन के दावे की जांच की है और तदनुसार, इन दावों की अनुमति दी गई है। तदनुसार, शानडॉग ग्रुप के लिए कारखानागत स्तर पर निवल निर्यात कीमत का निर्धारण उचित समायोजनों की अनुमति देने के बाद किया गया है और उसका उल्लेख नीचे दी गई पाटन मार्जिन तालिका में दिया गया है।

ख) शाओजिंग केडे न्यू मेटेरियल कं. लिमि.

45. निर्यातक की प्रश्नावली के उत्तर में प्रस्तुत की गई सूचना के आधार पर, प्राधिकारी नोट करते हैं कि केडे चीन जन. गण. से संबद्ध वस्तुओं का एक उत्पादक और निर्यातक है। केडे ने जांच की अवधि के दौरान भारत में सीधे तौर पर अपने असंबंधित ग्राहकों को *** सी टी एफ का निर्यात किया है लेकिन सत्यापन किये जाने पर यह देखा गया है कि निर्यातक द्वारा सूचित किये गये मूल्यों और डीजी प्रणाली आंकड़ों में बहुत अधिक अंतर है। इस कारण से, निर्यातक द्वारा सूचित किये गये आंकड़ों पर विश्वास नहीं किया जा सकता है और उस पर विचार नहीं किया गया है।

ग) असहयोग करने वाले उत्पादक/निर्यातक

46. प्राधिकरण ने चीन पीआर से सहयोगी उत्पादकों के आंकड़ों के आधार पर आयात की मात्रा और मूल्य पर विचार करने के बाद चीन पीआर से असहयोगी उत्पादकों/निर्यातकों के लिए निर्यात मूल्य निर्धारित किया है। समुद्री माल ढुलाई, अंतर्देशीय माल ढुलाई, बीमा, हैंडलिंग शुल्क, कमीशन और बैंक शुल्क के लिए समायोजन किए गए हैं। इस प्रकार निर्धारित निर्यात मूल्य नीचे उल्लिखित डंपिंग मार्जिन तालिका में बताया गया है।

च. 3.3 पाटन मार्जिन का निर्धारण

47. जैसा कि ऊपर में उल्लेख किया गया है निर्धारित सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत पर विचार करते हुए, यह नोट किया जाता है कि पाटन मार्जिन इस नियमावली के अंतर्गत निर्धारित न्यूनतम सीमा से अधिक है।

<u>पाटन मार्जिन तालिका</u>

कंपनी	सामान्य मूल्य	निर्यात कीमत	पाटन मार्जिन (1यू एस डॉलर = 81.06)			
इकाई	भारतीय रु./ किग्रा.	भारतीय रु./ किग्रा.	भारतीय रु./ किग्रा.	यूएस डॉलर/ किग्रा.	निर्यात कीमत का %	रेंज
शानडॉग ग्रुप	***	***	***	***	***	5-20%
अन्य	***	***	***	***	***	60-70%

छ. क्षति का आकलन और कारणात्मक संबंध की जांच

छ. 1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अनुरोध

48. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में निम्नलिखित अनुरोध किये गये हैं :

i) घरेलू उद्योग को 2017 तक अर्थात एक दशक से अधिक तक विचाराधीन उत्पाद के आयातों पर 1.05 यूएस डॉलर का पाटनरोधी शुल्क लगाकर आयातों से बहुत अधिक संरक्षण मिला है। इस अवधि के दौरान, यह भारतीय बाजार में एकाधिकारवादी स्थिति प्राप्त करता रहा क्योंकि यह विचाराधीन उत्पाद का एकमात्र भारतीय उत्पादक था।

ii) एकमात्र उत्पादक होने के बावजूद, घरेलू उद्योग क्षति की अवधि के पहले भी लाभ अर्जित करने में सक्षम नहीं रहा है। यह दर्शाता है कि घरेलू उद्योग अपनी अक्षमताओं के कारण घाटे वाले व्यापार में है।

iii) याचिकाकर्ता का संयंत्र बहुत पुराना है और इसकी प्रौद्योगिकी बहुत पुरानी है जिसके कारण इस प्रतिष्ठान को क्षति पहुंचाते हुए उत्पादन में अक्षमता को बढ़ाता है, इसके अलावा इसने संयंत्र प्रौद्योगिकी में सुधार लाने के लिए फ्यूटामुरा के साथ प्रौद्योगिकी सहायता करार किया है।

iv) केसोराम को वर्ष 2020-21 और 2021-22 में कई बार शटडॉउन का सामना करना पड़ा। इसके फलस्वरूप विचाराधीन उत्पाद के घरेलू उत्पादन में बहुत अधिक गिरावट और आयातों में वृद्धि हुई। इसके बावजूद, केसोराम जांच की अवधि के दौरान बहुत अधिक हद तक अपने बाजार हिस्से को प्राप्त करने में सक्षम हुआ।

v) केसोराम की घरेलू बिक्री क्षति की पूरी अवधि के दौरान उत्पादन की मात्रा के अनुरूप रही है। चूंकि वर्ष 2021-22 के दौरान उत्पादन में रूकावट आई कि अत: घरेलू बिक्री में भी स्वाभाविक रूप से गिरावट आई। जैसे ही यह उत्पादन फिर से शुरू हुआ, घरेलू बिक्री में भी वृद्धि हुई।

vi) केसोराम ने इस आवेदन में कीमत में कटौती के संबंध में कोई आंकड़ा नहीं दिया और ऐसा प्रतीत होता है कि लिखित अनुरोधों में दिये गये आंकड़े सही नहीं है। यद्यपि जांच की अवधि में पहुंच कीमत दुगुनी हो गई। कीमत में कटौती जिसकी सूचना दी गई थी अपरिवर्तित है।

vii) केसोराम की प्रति इकाई औसत बिक्री कीमत में काफी सुधार देखा गया है और यह सुधार जांच की अवधि के पूर्व के वर्षों में शटडॉउन के बाद भी हुआ है। केसोराम घरेलू तथा निर्यात बिक्री दोनों के लिए अपनी बिक्री कीमत को बढ़ाने में सक्षम था।

viii) वित्तीय क्षति के दावे के संबंध मे, केसोराम का इस आवेदन में अपना अनुरोध यह उल्लेख करता है कि यह संबद्ध देश से निर्यातकों के साथ सीधे तौर पर प्रतिस्पर्धा नहीं करता है बल्कि भारत में व्यापारियों के साथ प्रतिस्पर्धा करता है, जो घरेलू उद्योग से 'मामूली रूप से कम' कीमत पर विचाराधीन उत्पाद की बिक्री करता है। यह दर्शाता है कि केसोराम का घरेलू कीमत को बढ़ाना जारी है और व्यापारी केसोराम की कीमतों से प्रतिस्पर्धा करते हुए बिक्री करते हैं। वित्तीय क्षति, यदि कोई हो संबद्ध आयातों के कारण नहीं हो रही है।

ix) केसोराम को वर्ष 2020-2021 और 2021-2022 के दौरान अनेक बार शटडॉउन का सामना करना पड़ा। इन शटडॉउन के कारण विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन में रूकावट आई। चूंकि केसोराम विचाराधीन उत्पाद का एकमात्र उत्पादक है। अत: प्रयोक्ता उद्योग इन अवधियों के दौरान पूर्ण रूप से आयातों पर निर्भर हो गये। इसके बावजूद जैसे ही केसोराम ने अपना उत्पादन शुरू किया, यह उत्पादन की मात्रा के अनुरूप अपनी घरेलू बिक्री को बढ़ाने में सक्षम हुआ।

x) केसोराम ने महामारी के कारण मांग के नहीं होने का अपने रेयोन प्लांट के शटडॉउन का कारण बताया है। हालांकि, इस दावे को सिद्ध नहीं किया गया है। रेयोन विचाराधीन उत्पाद और विस्कोज फिलामेंट यार्न (वी एफ वाई) दोनों के निर्माण में एक आवश्यक कच्चा माल है। प्राधिकारी यह समझ सकते हैं कि वी एफ वाई के संबंध में पाटनरोधी जांच में, जांच की अवधि 1 अप्रैल, 2021 से 31 मार्च 2022 थी, यह वही अवधि थी जिसमें केसोराम को घटती हुई मांग और कच्चे माल के अभाव जैसे कारकों के कारण कथित रूप से बहुत अधिक समय तक शटडॉउन का सामना करना पड़ा। इस जांच में, प्राधिकारी ने नोट किया था कि मांग में जांच की अवधि के बाद वृद्धि हुई।

xi) प्राधिकारी का अपना जांच परिणाम यह दर्शाता है कि वर्ष 2021-2022 में विस्कोस फिलामेंट यार्न की मांग में न तो बहुत अधिक गिरावट हुई और न ही घरेलू उत्पादकों को किसी मात्रा संबंधी प्रतिकूल प्रभावों का सामना करना पड़ा।

xii) रेयोन संयंत्र जो विस्कोज फिलामेंट यार्न और विचाराधीन उत्पाद का निर्माण करता है, ने मूल कंपनी, केसोराम इंडस्ट्रीज लिमि. के द्वारा लिये गये भारी कर्ज में मामूली अंशदान किया। इस कारण से केसोराम द्वारा शटडॉउन के कारण हुई क्षति का एकमात्र कारण महामारी नहीं था बल्कि इस कारण से ऐसा हुआ कि रेयोन संयंत्र लाभ अर्जित करने में सक्षम नहीं था।

xiii) अपने अनुरोधों में, केसोराम ने उल्लेख किया है कि वर्ष 1986 में स्थापित एक कंपनी, ट्रेवेनकोर रेयोन लिमिटेड एशिया में पहली कंपनी थी जो विचाराधीन उत्पाद का निर्माण करती थी। हालांकि, कंपनी को 1980 में बंद कर दिया था। आगे का अनुसंधान यह दर्शाता है कि ट्रेवेनकोर रेयोन लागत प्रभावी तरीके से विचाराधीन उत्पाद का निर्माण करने में सक्षम नहीं था।

xiv) लागत प्रभावी रहने के लिए, केसोराम विचाराधीन उत्पाद का एक अग्रणी वैश्विक उत्पादक, फ्यूटामुरा, जापान से विशेषज्ञ आमंत्रित कर अपनी निर्माण प्रक्रिया को उन्नत बनाने के लिए प्रयास कर रहा है। 2019 में केसोराम ने फ्यूटामुरा के साथ एक "तकनीकी सहायता करार" पर हस्ताक्षर किया जिसके

माध्यम से फ्यूटामुरा अपनी निर्माण की प्रक्रिया के उन्नयन के लिए केसोराम को तकनीकी जानकारी प्रदान करता है।

xv) रेयोन और सी टी एफ के लिए गूदा एक ही है। दोनों उत्पादों का निर्माण आवेदक द्वारा किया जा रहा है। रेयोन का निर्माण करने की प्रक्रिया सी टी एफ का उत्पादन करने की प्रक्रिया से अधिक जटिल है लेकिन रेयोन की कीमतें सी टी एफ की कीमतों से 30-40 प्रतिशत कम हैं। इसके अलावा, भारत में रेयोन के दो अन्य भारतीय उत्पादक लाभ कमा रहे हैं।

xvi) उद्योग का ऊपरी शीर्ष लागत उद्योग मापदंडों की तुलना में अधिक नोट किया गया है।

xvii) आवेदक ने संबद्ध वस्तुओं के बाजार हिस्से को खत्म करने वाले प्रतिस्थानापन्न के संबंध में कोई सूचना नहीं दी है। बी ओ पी पी फिल्म्स, पी वी सी पेपर और बोयोडिग्रेडेबल प्लास्टिक जैसे उत्पादों ने विचाराधीन उत्पाद को प्रतिस्थापित किया है। आवेदक उद्योग मैनुअल पैकिंग प्रोसेस का अभी भी उपयोग करने वाले क्षेत्रों तक बिक्री करने के लिए सीमित है जबकि ऑटोमेशन का उपयोग करने वाले क्षेत्र अपने उत्पादों का उपयोग करने में असमर्थ हैं जो यह दर्शाता है कि बिक्री में कोई कमी एकमात्र चीन से आयात के कारण नहीं हो सकती है।

xviii) आवेदक को अपनी बिक्री का क्षेत्रवार ब्यौरा देना चाहिए। आवेदक की 70 प्रतिशत बिक्री प्रत्यक्ष है और शेष व्यापारियों के माध्यम से होता है। उनको अपनी प्रत्यक्ष बिक्री के अंतिम उपयोग के बारे में जानकारी नहीं हो सकती है। वे अपने डीलरों/ वितरकों के माध्यम से की गई बिक्री की भी जानकारी होगी। घरेलू उद्योग ने अपनी कीमत सूची के बारे में भी नहीं बताया है। उनके पास अंतिम ग्राहकों और वितरकों के लिए अलग अलग दरें हैं।

xix) यह कि केसोराम का रेयोन, ट्रासपेरेंट पेपर और केमिकल बिजनेस अंडरटेकिंग 2016 में सिग्नेट इंडस्ट्रीज लिमि. द्वारा *** करोड़ की राशि के स्लम बिक्री मार्ग द्वारा अधिग्रहित की गई थी। इस अधिग्रहण का विश्लेषण प्राधिकारी द्वारा दिनांक 20 अप्रैल, 2018 के चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यात किये गये विस्कोस फिलामेंट यार्न के आयातों के संबंध में निर्णायक समीक्षा जांच में अपने अंतिम जांच परिणाम में विस्तार से किया गया था क्योंकि केसोराम उस जांच में एक आवेदक था :

क. जांच के दौरान यह पाया गया था कि दिनांक 31.03.2016 की स्थिति के अनुसार निर्धारित परिसंपत्तियों (मूर्त परिसंपत्तियों) का मूल्य मैसर्स केसोराम रेयोन की प्रमाणित बैलेंस शीट के अनुसार *** करोड़ थी। हालांकि, मैसर्स सिग्नेट इंडस्ट्रीज लिमिटेड की बैलेंस शीट उसी तिथि को निर्धारित परिसंपत्तियों का मूल्य *** करोड़ रुपए दर्शाता है। बाद के विवरण दर्शाते हैं कि इस मूल्य का निर्धारण एक स्वतंत्र मूल्यांकन एजेंसी द्वारा किया गया था। चूंकि सिग्नेट इंडस्ट्रीज केसोराम इंडस्ट्रीज लिमि. की *** प्रतिशत सहायक कंपनी है अत: परिसंपत्तियों के पुन: मूल्यांकन पर प्रतिफल के उद्देश्य से विचार नहीं किया गया था क्योंकि यह सीमा प्रशुल्क (पाटित वस्तुओं पर पाटनरोधी शुल्क की पहचान, आकलन और संग्रहण तथा क्षति के निर्धारण के लिए) नियमावली, 1955 के अनुबंध-III की प्रवंचना करने के समान हो सकता है।

ख. अनुबंध-III के पैरा 4 में यह उल्लेख है कि इस उत्पाद के लिए लगाई गई औसत पूंजी पर उचित प्रतिफल की अनुमति ब्याज, कोरपोरेट कर और लाभ की वसूली के लिए दी जा सकती है। दोनों याचिकाकर्ता कंपनियों की निवल निर्धारित परिसंपत्तियों को किसी पुन: मूल्यांकन पर विचार किये बिना लिया गया है।

xx) यह कि घरेलू उद्योग की ऊपरी लागत उद्योग के मानदंडों की तुलना में अधिक नोट किया गया है। हितबद्ध पक्षकारों ने प्राधिकारी से यह अनुरोध किया था कि वे इन लागतों की त्रुटिरहित तरीके से

समीक्षा करें और सही लागत का पता लगाने के लिए दावा की गई लागतों से परिवर्तनीय खर्च की कटौती करें।

छ. 2 घरेलू उद्योग द्वारा अनुरोध

49. घरेलू उद्योग द्वारा क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में निम्नलिखित अनुरोध किए गए थे:

i) आधार वर्ष (2019-20) में मांग *** एमटी थी जो कोविड-19 के कारण घटकर *** एमटी हो गयी और उसके बाद इसमें वृद्धि हुई। जांच की अवधि में, मांग *** एमटी थी जब इसे ऐतिहासिक रूप से देखा जाए तब मांग में थोड़ी गिरावट आई है लेकिन हाल की अवधि में पुन: इसमें वृद्धि हो रही है। संबद्ध वस्तुओं के संबंध में की गई विगत मूल जांच की जांच की अवधि अर्थात 2005-2005 में मांग 2670 एमटी थी।

ii) संबद्ध देश से आयातों में शुल्कों को समाप्त किये जाने के बाद क्रमिक रूप से वृद्धि हुई और जांच की अवधि में इसमें तीव्र वृद्धि हुई। चीन जन. गण. से आयातों की मात्रा में जांच की अवधि में बहुत अधिक वृद्धि के साथ क्षति की पूरी अवधि में वृद्धि हुई। विगत मूल जांच की अवधि में आयात की मात्रा 545 एमटी थी। आयात में तब तेजी से गिरावट आई जब शुल्क लागू थे। हालांकि, शुल्कों के समाप्त होने के बाद, आयात की मात्रा फिर से बढ़नी शुरू हो गई और वर्तमान जांच की अवधि में इसमें तीव्र वृद्धि हुई।

iii) वर्तमान जांच की अवधि में आयात की मात्रा विगत मूल जांच की जांच की अवधि अर्थात 2004-05 सूचित की गई आयात की मात्रा लगभग दुगुनी है।

iv) घरेलू उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट आई जबकि संबद्ध देश के बाजार हिस्से में जांच की अवधि में चीन के उत्पादकों द्वारा आक्रामक रूप से पाटन किये जाने के कारण वृद्धि हुई।

v) आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर दबाव पड़ रहा है इसके फलस्वरूप बहुत अधिक हानि हो रही है।

vi) घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्री में जांच की अवधि में गिरावट आई यद्यपि आवेदक को अपनी कीमतों पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ रहा है जो बाद में लाभप्रदता और नकद लाभ में बहुत अधिक गिरावट में परिणत हो गई। जिसमें से सभी आर ओ आई सहित वर्तमान में ऋणात्मक है।

vii) मालसूची में पिछले वर्ष से जांच की अवधि में बहुत अधिक हद तक वृद्धि हुई।

viii) पाटन मार्जिन न केवल न्यूनतम से अधिक है बल्कि बहुत अधिक भी है।

ix) संबद्ध आयातों की मात्रा में वृद्धि हुई और परिणाम के तौर पर घरेलू उद्योग को बिक्री की मात्रा में हानि हुई। घरेलू उद्योग को उत्पादन और क्षमता के उपयोग में गिरावट हुई।

x) आयातों के कारण घरेलू कीमतों में कटौती हो रही थी और घरेलू बाजार में कीमत ह्रास हो रही थी। इसके फलस्वरूप लाभ, नकद लाभ और निवेश पर प्रतिफल में बहुत अधिक गिरावट आई।

xi) चीन के आयातों के बाजार हिस्से में वृद्धि हुई। इसके परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग को बाजार हिस्से की क्षति हुई।

xii) मात्रा और कीमत के मापदंडों दोनों में घरेलू उद्योग की ऋणात्मक वृद्धि पाटित आयातों के कारण हुई है।

xiii) चीन जन. गण. के अलावा, संबद्ध वस्तुओं का आयात भारत में यूके से बहुत अधिक उच्चतर कीमतों पर हो रहा है।

xiv) घरेलू उद्योग को मांग में संभावित संकुचन के कारण जांच की अवधि में क्षति नहीं हुई है। वास्तव में जांच की अवधि में मांग आधार वर्ष में मांग के तीन गुणा से अधिक है।

xv) विचाराधीन उत्पाद के संबंध में उपभोग के पैटर्न में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

xvi) घरेलू उद्योग के पास विचाराधीन उत्पाद के उत्पादन के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकी है। प्रौद्योगिकी में संभावित विकास घरेलू उद्योग को क्षति का कारण नहीं हो सकता था। आवेदक निर्माण की प्रक्रिया का उन्नयन सिर्फ इस कारण से करने के लिए सतत् प्रयास नहीं करते हैं की आवेदक की प्रौद्योगिकी अप्रचलित है बल्कि इस कारण से सतत् प्रयास करते हैं कि यह इसकी कार्यक्षमता को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से है।

xvii) व्यापार संबंधी कोई प्रतिबंधात्मक कार्यपद्धति नहीं है जो घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा सकते थे।

xviii) यूके में घरेलू बिक्री और यूके से यूरोपीय यूनियन के अन्य सदस्यों को निर्यात बिक्री दोनों के लिए बीजकों से, यह स्पष्ट है कि वैश्विक स्तर पर सी टी एफ की कीमतें भारत में उनकी कीमतों से उच्चतर है। आवेदक की लागत उतनी ही प्रतिस्पर्धी है जितना की यूके में उत्पादकों की। हालांकि, आवेदक उतनी कीमतें प्राप्त करने से वंचित है जितनी यूके के उत्पादक प्राप्त कर रहे हैं क्योंकि यह चीन से पाटित आयातों जो भारतीय बाजार में आवेदक की लागत के एक अंश पर प्रवेश कर रहे हैं, के कारण लागत से कम पर बिक्री करने के लिए बाध्य हैं।

xix) विगत जांचों और अवधि जिसके दौरान शुल्क लागू थे के संबंध में, यह अनुरोध किया जाता है कि डब्ल्यू ओ करार यह अधिदेश देता है कि पाटनरोधी शुल्क उतने समय तक और आवश्यक सीमा तक लागू रहेंगे। कहीं भी कानून इस शुल्क की अधिकतम अवधि को निर्धारित नहीं करता है। इसके अलावा, विगत में इन शुल्कों को लगाये जाने के तत्काल बाद, चीन से आयातों में गिरावट आई और आवेदक ने लाभ अर्जित करना शुरू किया। आवेदक शुल्क लगाये जाने के बाद कुछ समय से लाभ अर्जित करते रहे थे, तब हालांकि, शुल्क के समाप्त होने के बाद, पाटित कीमतों पर आयातों में वृद्धि होना शुरू हो गया और आवेदक का प्रदर्शन बुरी तरह से प्रभावित हुआ था। आवेदक ने फिर भी प्रतिस्पर्धी रहने का प्रयास किया और केवल प्राधिकारी से शुल्कों के समाप्त होने के बहुत बाद संपर्क किया क्योंकि चीन के आयातों ने घरेलू उत्पादन को कायम नहीं रखने योग्य बना दिया। हितबद्ध पक्षकारों के लि□ए यह तर्क देने का कोई आधार नहीं है कि आवेदक को आंतरिक अक्षमताओं अथवा उच्च लागत, निर्धारित लागत अथवा आवेदक के नियंत्रण में कुछ अन्य कारकों के कारण क्षति होती रही थी।

xx) प्रतिवादी के आवेदक की कार्यक्षमता और क्षति की पूरी अवधि के दौरान हानि के संबंध में तर्क के बारे में, यह अनुरोध किया जाता है कि आयातों के कारण केवल जांच की अवधि में ही नहीं बल्कि क्षति की पूरी अवधि के दौरान क्षति हो रही थी। आयात की मात्राओं में जांच की अवधि में तीव्र वृद्धि के साथ शुल्क के समाप्त होने के साथ ही वृद्धि होनी शुरू हो गई। आवेदक क्षति की पूरी अवधि के दौरान घाटे में था क्योंकि आयात पूरी अवधि के दौरान बहुत अधिक था। इन घाटों में आयातों में बहुत अधिक वृद्धि के साथ जांच की अवधि में तीव्र वृद्धि हुई है।

xxi) जहां तक आवेदक को क्षति का कारण शटडॉउन था और इसके कार्यनिष्पादन में बाद में सुधार हुआ, के तर्क के संबंध में, यह अनुरोध किया जाता है कि शटडॉउन पूर्व के वर्षों में कोविड-19 के संबंध में सरकारी दिशानिर्देशों के कारण हुआ था और बाद में यह कोविड-19 के कारण अनावश्यक वस्तुओं की आवा-जाही पर लगाये गये प्रतिबंधों के कारण प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुआ था। शटडॉउन की अवधि एक असामान्य अवधि है जिसके लिए आवेदक का कार्यनिष्पादन मानक के अनुसार किये जाने की आवश्यकता है। आवेदक शटडॉउन के कारण क्षति का दावा नहीं कर रहे हैं। जांच की अवधि में इसके कार्यनिष्पादन की

तुलना पूर्व और आधार वर्ष में दोनों मानकीकृत प्रदर्शन से किये जाने की आवश्यकता है। आवेदक के कार्यनिष्पादन में आधार वर्ष और मानकीकृत पूर्व वर्ष दोनों की तुलना में गिरावट आई है।

xxii) जहां तक प्रतिवादी का आवेदक की शटडॉउन की अवधि के दौरान मांग आपूर्ति में अंतर को पूरा करने के लिए आयात को बढ़ाये जाने के तर्क का प्रश्न है, यह नोट किया जा सकता है कि यदि मांग आपूर्ति अंतर को पूरा करने के लिए 2021-22 में आयात की मात्रा में वृद्धि भी हुई, फिर भी जांच की अवधि में 536 एमटी से 1077 एमटी तक आयातों के तेजी से बढ़ने का कोई कारण नहीं था जब आवेदक के उत्पादने में कोई रूकावट नहीं आई।

xxiii) प्रतिवादी के इस तर्क के संबंध में की आवेदक बाजार में कीमत को प्रभावित करता है, आयात कीमत और पुन: बिक्री कीमत के बीच अंतर पर विचार करना महत्वपूर्ण है। इन व्यापारियों ने बहुत अधिक लाभ प्राप्त किया है और आवेदक की कीमतों में कटौती की है। आवेदक की बिक्री कीमत में कोई भी वृद्धि इसकी लागत में वृद्धि के कारण हुई है जो बिक्री कीमत में वृद्धि से बहुत अधिक है। साथ ही, आयात कीमत उत्पादन लागत का एक अंश है। आवेदक को उन कीमतों का अनुसरण करना है जो इनके प्रतिस्पर्धियों अर्थात चीन के आयातों के द्वारा पेशकश की जा रही है।

xxiv) प्रतिवादी ने वर्तमान जांच और चीन जन. गण. से वी एफ वाई के आयातों के संबंध में जांच के बीच तुलना की है। यह नोट किया जा सकता है कि आवेदक वी एफ वाई मामले में घरेलू उद्योग ही नहीं था और इस कारण से प्राधिकारी ने वर्तमान मामले में घरेलू उद्योग से संगत मापदंडों के आधार पर अपने जांच परिणाम रिकार्ड नहीं किये। प्राधिकारी से अनुरोध किया जाता है कि वर्तमान मामले से संबंधित तथ्यों पर विचार करें।

xxv) जहां तक प्रतिवादी का आवेदक के संबंधित प्रभाग द्वारा लिये गये कर्ज में मामूली अंशदान किये जाने और आवेदक के घाटे में होने के तर्क का प्रश्न है, यह अनुरोध किया जाता है कि जबकि आवेदक ने अपनी मूल कंपनी और वित्तीय संस्थाओं दोनों से कर्ज उधार लिया है, इसने ऋण पर ब्याज का भुगतान करने में कभी भी चूक नहीं की है।

xxvi) प्रतिवादी ने संबद्ध वस्तुओं के एक उत्पादक ट्रानवनकोर रेयोन लिमि. जिसने 1980 के दशक में शटडॉउन किया के बीच तुलना भी की है, यह अनुरोध किया जाता है कि ट्रानवनकोर रेयान लिमि. द्वारा 1983 में सामना की गई प्रतिकूल प्रभावों को सीधे तौर पर वर्तमान मामले पर लागू नहीं किया जा सकता है। प्रतिवादियों द्वारा विश्वास किए गए तथ्य अपने आप में यह विश्वास उल्लेख करता है कि *"कंपनी को उद्योग में मंदी और कोयले से चलाये जा रहे ब्वायलर की संस्थापना में विलंब के कारण 60 से 100 प्रतिशत विद्युत कटौती के कारण हानि होना जारी रहा।"*

xxvii) प्रतिवादी के दोनों के लिए मुख्य कच्चा माल लकड़ी का गूदा होने के बावजूद सी टी एफ की बिक्री कीमत से रेयोन की उसकी बिक्री कीमत कम होने के संबंध में दिये गये तर्क के बारे में यह अनुरोध किया जाता है कि सी टी एफ और रेयोन यार्न दो अलग अलग उत्पाद हैं। रेयोन की कीमतें रेयोन के डेनियर पर निर्भर है। कुछ कम डेनियर ग्रेड की बिक्री सी टी एफ की कीमतों के समतुल्य अथवा उससे अधिक कीमत पर की जाती है।

xxviii) प्रतिवादी के इस तर्क के संबंध में की संबद्ध वस्तुओं का बाजार हिस्सा प्रतिस्थानापन्न द्वारा ले लिया गया है। यह अनुरोध किया जाता है कि प्रतिस्थानापन्न में संबंद्ध वस्तुओं के बाजार को खत्म नहीं कर रहा है। संबद्ध वस्तुओं के लिए बायोग्रेडेबल, होम कम्पोस्टेबल, स्टेटिक विद्युत प्रभार से रहित जो अन्यथा आग के खतरे को उत्पन्न करते होने जैसे इसके अंतरनिहित गुणों के कारण कोई सही प्रतिस्थनापन्न नहीं है। इसके अलावा, आवेदक को प्रतिस्थनापन्न की उपलब्धता के कारण क्षति नहीं हो रही है। यद्यपि बी ओ

पी पी की उपलब्धता संबद्ध वस्तुओं की कीमतों के लगभग एक चौथाई होने के कारण, प्लास्टिक ने विगत में कुछ मांग बढ़ गई थी, विश्व भर की सरकारों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने तथा उपभोक्ताओं के प्लास्टिक के नकारात्मक प्रभाव की बढ़ती हुई जागरूकता के साथ, सी टी एफ की मांग फिर से बढ़ रही है। वर्तमान क्षति इस कारण नहीं हुई है।

xxix) प्रतिवादी ने उल्लेख किया है कि प्रतिस्थानापन्न में बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक जैसे उत्पाद शामिल हैं। यह अनुरोध किया जाता है कि जबकि ऐसे उदाहरण रहे हैं जहां प्रयोक्ताओं ने बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक का उपयोग करने का दावा किया है, वास्तव में बयोडिग्रेडेबल प्लास्टिक जैसी कोई प्लास्टिक सामग्री नहीं है। इस प्रकार की सामग्री बी ओ पी पी फिल्म भी है जिसे केवल बायोडिग्रेडेबल सामग्री के साथ कोड किया जाता है। इस कारण से यह कोडिंग मात्र है जो बायोडिग्रेडेबल है और न कि अपने आप में फिल्म। जहां तक ऑटोमेशन कार्य के लिए उपयुक्त रील का संबंध है, संबद्ध वस्तु का अभी भी प्रमुख रूप से उपयोग फायर क्रेकर उद्योग में किया जाता है, जिस पर आग के खतरे को देखते हुए ऑटोमेशन का उपयोग करने के लिए प्रतिबंध लगाया गया है।

xxx) प्रतिवादियों ने अनुरोध किया है कि आवेदक ने अपने अधिकांश उत्पाद की बिक्री सीधे तौर पर उपभोक्ताओं की है और उसे इस बात की जानकारी नहीं हो सकती है कि अंतिम उपभोक्ता कौन है। यह अनुरोध किया जाता है आवेदक ने जांच की अवधि में सीधे तौर पर अंतिम उपभोक्ता को अपने उत्पाद का केवल एक अंश बेचा है। इसकी अधिकांश बिक्री वितरकों के माध्यम से की गई है। आवेदक द्वारा जांच की अवधि में बेची गई कुल *** एमटी में से, केवल *** एमटी की बिक्री सीधे तौर पर की गई थी। किसी भी मामले में, संबद्ध वस्तुओं की अधिकांश मात्रा फायर क्रेकर उद्योग को बेची गई जाती है जिसे फायर क्रेकर की पैकिंग और रैपिंग के लिए सी टी एफ का उपयोग करना पड़ता है क्योंकि इसका आसानी से उपयोग चिपचिपा पदार्थों का उपयोग करते हुए क्रेकर्स को पैक और रैप करने के लिए किया जा सकता है और यह आग/ सुरक्षा के खतरे को उत्पन्न करेगा जो प्लास्टिक की हीट सीलिंग से होगी।

xxxi) यह स्पष्ट किया जाता है कि संबद्ध मामले में आवेदक की परिसंपत्तियों का कोई पुनर्मूल्यांकन नहीं किया जाता है। यह एक तीव्र गिरावट वाली बिक्री थी। जहां तक आवेदक का संबंध है, इसने कुछ राशि के भुगतान पर उक्त निर्माण सुविधाओं की खरीद की है। आरंभ में, कृपया इस तथ्य पर विचार करें कि वर्तमान मामले में दो अलग अलग कानून प्रतिष्ठान शामिल हैं। दोनों कानूनी प्रतिष्ठान देश में सभी विनियामक आवश्यकताओं के अध्यधीन हैं। परिसंपत्तियों के पुन: मूल्यांकन के मामले में, कानूनी प्रतिष्ठान वही रहता है और उसमें कोई परिवर्तन नहीं होता है। वह परिसंपत्तियों के पुन: मूल्यांकन के लिए मौलिक पूर्व शर्त है। खरीद बिक्री के मामले में, यह खरीद की राशि है जो क्रेता और विक्रेता के खाता बुक में परिसंपत्तियों के मूल्यांकन के लिए आधार बनता है। वर्तमान मामले के तथ्य चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यात किये गये "60 डेनियर से अधिक के विसकोज रेयोन फिलामेंट यार्न" के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांच तथा चीन जन. गण. के मूल के अथवा वहां से निर्यात किये गये "विस्कोस रेयोन फिलामेंट यार्न" के आयातों के संबंध में पाटनरोधी जांचों जिसमें भारतीय रेयोन ने ग्रासीम को इन परिसंपत्तियों की बिक्री की थी, के तथ्यों से बहुत तुलनीय हैं और उसे प्राधिकारी द्वारा दिनांक 9 अगस्त, 2021 की अधिसूचना संख्या 6/26/2020 – डी जी टी आर के माध्यम से जारी किये गये अंतिम जांच परिणामों और दिनांक 29 अक्टूबर, 2023 की अधिसूचना संख्या 6/06/2023 के माध्यम से जारी किये गये अंतिम जांच परिणामों में प्राधिकारी द्वारा स्वीकार किया गया है। यह निर्णय उसी उत्पाद में 2018 के बहुत बाद निर्णायक समीक्षा अंतिम जांच परिणाम में है। चूंकि ये 2021 और 2023 जांच इस मुद्दे पर बिलकुल हाल की जांच है, इन निर्णयों को पूर्व की जांचों के बजाय संगत और उपयुक्त माना जाना चाहिए। *यह भी नोट करना संगत है कि 2018 के जांच परिणामों के समय, डी जी टी आर ने समझा था कि इन परिसंपत्तियों का कुछ पुनर्मूल्यांकन हुआ था। वास्तव में, वर्तमान मामले में*

परिसंपत्तियों का कोई पुनर्मूल्यांकन नहीं हुआ है। बिक्री और खरीद हुई है और वह भी कुछ राशि के लिए। 2018 के वी एफ वाई के मामले में मुख्य मुद्दा पाटनरोधी शुल्क के अपेक्षाकृत अधिक अवधि तक लागू रहने की थी।

xxxii) यह भी अनुरोध किया जाता है कि अनेक जांचें हैं जहां पक्षकार पुरानी मशीनरी की खरीद करते हैं। कभी कभी संपूर्ण निर्माण संयंत्र का आयात यूरोप/ जापान से किया जाता है। प्राधिकारी ने कभी भी ऐसी खरीद पर प्रश्न नहीं उठाया और इन परिसंपत्तियों की खरीद मूल्य की अनुमति थी। इस कारण से प्राधिकारी से अनुरोध किया जाता है कि वे इस तथ्य पर विचार करें कि आवेदक ने निर्माण सुविधा की खरीद की और जैसा कि ऊपर में उल्लेख किया गया है हाल की जांचों अर्थात 2021 और 2023 के जांच परिणामों में अनुसरण की गई सिद्धांत के अनुरूप परिसंपत्तियों का कोई पुनर्मूल्यांकन नहीं हुआ था।

छ. प्राधिकारी द्वारा जांच

50. अनुबंध-II के साथ पठित इस नियमावली के नियम-11 में यह उपबंध है कि किसी क्षति के निर्धारण में उन कारकों जो घरेलू उद्योग को क्षति दर्शा सकते हैं की जांच पाटित आयातों की मात्रा, समान वस्तुओं के लिए घरेलू बाजार में कीमतों पर उनके प्रभाव और ऐसी वस्तुओं के घरेलू उत्पादकों पर ऐसे आयातों के परिणामी प्रभाव सहित सभी संगत तथ्यों को ध्यान में रखते हुए उन कारकों की जांच शामिल होगी। कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव पर विचार करते समय इस बात की जांच करना आवश्यक है कि क्या पाटित आयातों द्वारा भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में अत्यधिक कीमत कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव से की कीमतों में अन्यथा अत्यधिक गिरावट आई है या कीमत में होने वाली उस वृद्धि में रूकावट आई है, जो अन्यथा पर्याप्त स्तर तक बढ़ गई होती। भारत में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच के लिए, उत्पादन, क्षमता का उपयोग, बिक्री की मात्रा, मालसूची, लाभप्रदत्ता, निवल बिक्री प्राप्ति, पाटन का आकार और मार्जिन आदि जैसे उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले सूचकांकों पर इस नियमावली के अनुबंध ।। के अनुसार विचार किया गया है।

51. प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये अनुरोधों को नोट किया है और हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये अनुरोधों पर विधिवत विचार करने के बाद इस नियमावली के अनुसार विभिन्न मापदंडों की जांच की है। प्राधिकारी द्वारा किया गया क्षति विश्लेषण यहां आगे संगत पैराओं में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किये गये विभिन्न अनुरोधों पर ध्यान देता है।

52. पाटनरोधी शुल्क इस तथ्य का निर्धारण करने के बाद 2006 में संबद्ध वस्तुओं पर लगाया गया था कि पाटन के कारण घरेलू उद्योग को क्षति हो रही थी। इन शुल्कों को आगे बढ़ाया गया था क्योंकि पाटन और घरेलू उद्योग को क्षति की संभावना का साक्ष्य था। यह नोट किया जाता है कि आवेदक को पाटन से राहत मिली और इसके कार्यनिष्पादन में शुल्कों को लगाये जाने के बाद सुधार हुआ। ये शुल्क 2017 तक लागू थे। यह नोट किया जाता है कि शुल्क के समाप्त होने के बाद, संबद्ध आयातों की मात्रा में बढ़ोतरी शुरू हो गई और उसके परिणामस्वरूप आवेदक के कार्यनिष्पादन पर प्रभाव पड़ा था। इस तर्क के संबंध में कि आवेदक को पर्याप्त संरक्षण मिला है, यह नोट किया जाता है कि कानून अधिकतम अवधि का निर्धारण नहीं करता है जिसके दौरान शुल्क लगाया जा सकता है। किसी भी मामले में, आवेदक ने प्राधिकारी से यह उल्लेख करते हुए पूर्व के शुल्कों के समाप्त होने से 5 वर्षों से अधिक के बाद संपर्क किया है कि आयात घरेलू उत्पादन को कायम नहीं रखने योग्य बना रहा है। इसके अलावा, पाटनरोधी शुल्क अनुचित आयातों के विरुद्ध उपचार के रूप में और न कि घरेलू उद्योग को अनुचित संरक्षण प्रदान के लिए लगाया गया था।

53. आवेदक की प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष बिक्री की प्रतिशतता के संबंध में, प्राधिकारी आवेदक द्वारा उपलब्ध कराये गये बिक्री के आंकड़ों के आधार पर यह नोट करते हैं कि आवेदक ने अपने अधिकांश उत्पादों को व्यापारियों के माध्यम से बेचा है तथा अधिकांश आयात आयातक व्यापारियों के माध्यम से भी हुआ है। *इस कारण से, विचारधीन उत्पाद के अंतिम उपयोग का सर्वश्रेष्ठ विश्लेषण किया जा सकता है और उसे व्यापारियों के क्षेत्रीय उपस्थिति के आधार पर देखा जा सकता है।* नीचे दी गई तालिका से यह देखा जा सकता है कि यद्यपि आयातों में तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के क्षेत्रों तथा अन्य क्षेत्रों में भी आधार वर्ष के दौरान जांच की अवधि तक (2022-23) वृद्धि हुई है।

यदि हम विचाराधीन उत्पाद के उपयोग के प्रतिनिधिक संकेतक के रूप में इन क्षेत्रों को देखे तब यह फायर क्रेकर तथा गैर-फायर क्रेर उद्योगों में विचाराधीन उत्पाद के बढ़े हुए उपयोग को इंगित करता है।

वर्ष	**2019 - 2020**	**2020 - 2021**	**2021 - 2022**	**2022 - 2023**
आयात का सकल योग किग्रा. में	**325,262**	**353,996**	**525,863**	**1,085,730**
तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में आयात	***	***	***	***
अन्य क्षेत्रों में आयात	***	***	***	***
अन्य क्षेत्रों में आयात का %	***	***	***	***

54. क्षति और कारणात्मक संबंध के बारे में हितबद्ध पक्षकारों द्वारा किया गया अनुरोध जिन्हें प्राधिकारी द्वारा संगत माना गया है, की जांच और उसका निवारण निम्नांनुसार किया जाता है।

छ. 3.1 मांग/ स्पष्ट खपत का आकलन

55. प्राधिकारी ने वर्तमान जांच के उद्देश्य से भारत में संबद्ध वस्तुओं की मांग अथवा स्पष्ट खपत को आवेदक की घरेलू बिक्री और सभी स्रोतों से आयातों के योग के रूप में परिभाषित किया है। विचाराधीन उत्पाद की मांग निम्नांनुसार है :

विवरण	**इकाई**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**जांच की अवधि**
आवेदक की घरेलू बिक्री	एमटी	***	***	***	***
आवेदक की घरेलू बिक्री	%	***	***	***	***
आधार वर्ष से प्रवृत्ति		100	63	104	59
संबद्ध देश से आयात	एमटी	324	350	518	1041
संबद्ध देश से आयात	कुल मांग का %	***	***	***	***
आधार वर्ष से प्रवृत्ति		100	108	160	321
अन्य देशों से आयात	एमटी	1	3	7	30
अन्य देशों से आयात	%	***	***	***	***
आधार वर्ष से प्रवृत्ति		100	3	7	30
कुल मांग	एमटी	***	***	***	***
आधार वर्ष से प्रवृत्ति		100	71	114	108

56. उपर्युक्त से यह देखा जाता है कि विचाराधीन उत्पाद की मांग में क्षति की अवधि के दौरान वृद्धि हुई है। आधार वर्ष अर्थात 2019-20 में, मांग *** एमटी थी जबकि मांग में गिरावट केवल वर्ष 2020-21 में दर्ज की गई थी, उसका कारण कोविड-19 महामारी है। जांच की अवधि में मांग में सुधार हुआ और ऐसा देखा जाता है कि इसमें वृद्धि हुई है।

57. यह भी देखा जाता है कि जैसा कि याचिकाकर्ता द्वारा दावा किया गया है कि याचिकाकर्ता द्वारा उत्पादित अधिकांश विचाराधीन उत्पाद फायर क्रेकर उद्योग की मांग को पूरा करता है लेकिन अन्य हितबद्ध पक्षकारों के ये

दावे कि प्रतिस्थानापन्न विचाराधीन उत्पाद के बाजार को समाप्त कर रहे हैं, से याचिकाकर्ता द्वारा इनकार किया गया था। इसके अलावा, अन्य हितबद्ध पक्षकारों ने अपने दावे की पुष्टि करने के लिए कोई साक्ष्य/ औचित्य उपलब्ध नहीं कराया है।

58. इस कारण से इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता है कि इन आयातों द्वारा मुख्य रूप से उसी बाजार की मांग को पूरा किया जा रहा है।

छ. 3.2 घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का मात्रा संबंधी प्रभावी

क) <u>पूर्ण और सापेक्ष रूप में आयात</u>

59. पाटित आयातों की मात्रा के संबंध में, प्राधिकारी से यह अपेक्षित है कि वह इस तथ्य पर विचार करें कि क्या या तो पूर्ण रूप में अथवा भारत में उत्पादन या खपत की तुलना में पाटित आयातों में बहुत अधिक वृद्धि हुई है। क्षति के विश्लेषण के उद्देश्य से, प्राधिकारी ने डी सी सी आई एंड एस के लेन-देन वार आंकड़ों पर विश्वास किया है। संबद्ध वस्तुओं की आयात की मात्रा और क्षति की जांच की अवधि के दौरान उसका हिस्सा नीचे दिया गया है:

विवरण	इकाई	2019-20	2020-21	2021-22	जांच की अवधि
आयात की मात्रा					
चीन जन. गण. से आयात	एमटी	324	350	518	1041
अन्य देशों से आयात	एमटी	1	3	7	30
कुल आयात	एमटी	325	353	525	1071
निम्नलिखित की तुलना में संबद्ध देशों से संबद्ध आयात					
कुल आयात	%	99.69	99.15	98.67	97.20
भारतीय उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
भारतीय उत्पाद	एमटी	***	***	***	***
भारतीय मांग	एमटी	***	***	***	***
कुल मांग (घरेलू बिक्री)	एमटी	***	***	***	***

60. यह देखा गया है कि :

क. चीन से आयातों में क्षति की पूरी अवधि के दौरान विशेष रूप से जांच की अवधि में वृद्धि हुई है। संबद्ध आयातों की मात्रा में आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में 300 से अधिक प्रतिशत तक वृद्धि हुई है।

ख. संबद्ध देश से आयात क्षति की पूरी अवधि के दौरान भारत में कुल आयातों का लगभग पूरा हिस्सा और जांच की अवधि में 97 प्रतिशत हिस्सा होता है।

ग. आयात भारत में उत्पादन और खपत की तुलना में क्षति की अवधि के दौरान बहुत अधिक रहा।

घ. विचाराधीन उत्पाद का आयात बहुत अधिक है और यह भारत में संबद्ध वस्तुओं की लगभग 54 प्रतिशत मांग को पूरा करता है।

ङ. संबद्ध आयातों ने समग्र घरेलू मांग को पूरा करने की आवेदक के पास पर्याप्त क्षमता होने के बावजूद भारतीय बाजार के 54 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर लिया है। चीन के आयातों में वृद्धि मांग में वृद्धि की

तुलना में बहुत तीव्र रही थी। कुल मांग में वृद्धि आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में 8 प्रतिशत है जबकि कुल आयातों में आधार वर्ष से 300 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है।

61. प्रतिवादियों द्वारा यह तर्क दिया गया है कि आवेदक के प्रचालनों के बंद होने की अवधि के दौरान देश में मांग-आपूर्ति में अंतर को दूर करने के लिए आयात किये गये थे। हालांकि प्राधिकारी नोट करते हैं कि 2021 – 2022 से जांच की अवधि तक 524 एमटी से 1071 एमटी तक आयात की मात्राओं में आगे वृद्धि हुई थी, जब आवेदक प्रचालन में था।

62. प्राधिकारी यह मानने का प्रस्ताव करते हैं कि क्षति की अवधि के दौरान अधिक रहने के अलावा विचाराधीन उत्पाद के आयात में पूर्ण रूप में जांच की अवधि में बहुत अधिक हद तक वृद्धि हुई। सापेक्ष रूप में आयातों के संदर्भ में ऐसा देखा गया है कि वह क्षति की अवधि के दौरान बहुत अधिक रही है।

छ. 3.3 घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का कीमत संबंधी प्रभाव

63. इस नियमावली के अनुबंध ।। (ii) के संदर्भ में, कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में प्राधिकारी से यह अपेक्षित है कि वे इस तथ्य पर विचार करें कि क्या भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा कीमत में बहुत अधिक कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयातों के प्रभाव के कारण अन्य प्रकार से कीमतों पर बहुत अधिक हद तक दबाव पड़ने वाला है अथवा कीमत में वृद्धि रूक जाने वाली है जो अन्य प्रकार से बहुत अधिक हद तक हुई होती।

64. तदनुसार, संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं के पाटित आयातों के कारण घरेलू उद्योग की कीमतों पर प्रभाव की जांच कीमत में कटौती और कीमत ह्रास/ न्यूनीकरण, यदि कोई हो के संदर्भ में की गई है। इस विश्लेषण के उद्देश्य से घरेलू उद्योग की बिक्री की लागत और निवल बिक्री प्राप्ति (एन एस आर) की तुलना संबद्ध देश से संबद्ध आयातों की पहुंच कीमत से की गई है।

क) <u>कीमत में कटौती</u>

65. कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में, इस तथ्य का विश्लेषण किया जाना अपेक्षित है कि क्या भारत में समान वस्तु की कीमत की तुलना में पाटित आयातों द्वारा कीमत में बहुत अधिक कटौती हुई है अथवा क्या इस प्रकार के आयातों का प्रभाव के कारण अन्य प्रकार से कीमत पर दबाव पड़ने वाला है अथवा कीमत में वृद्धि रूक जाने वाली है, जो अन्य प्रकार से सामान्य प्रक्रिया में हुई होती। उसकी जांच नीचे तालिका में की गई है :

विवरण	इकाई	2019-20	2020-21	2021-22	जांच की अवधि
आयात का पहुंच मूल्य	रु./ एमटी	***	***	***	***
निवल बिक्री प्राप्ति	रु./ एमटी	***	***	***	***
कीमत में कटौती	रु./ एमटी	***	***	***	***
पहुंच मूल्य का %		***	***	***	***
रेंज		150-200	50-150	0-50	50-150

66. यह देखा गया है कि कीमत में कटौती क्षति की पूरी अवधि के दौरान सकारात्मक और बहुत अधिक है। औसत आयात कीमते 2019-20 से जांच की अवधि तक बढ़ती रही। इसके बावजूद, विचार की गई क्षति की पूरी अवधि के दौरान संबंधित संबद्ध देश से औसत आयात कीमते भारतीय उत्पादक की कीमतों से निरंतर रूप से कम रही थी।

ख) <u>कीमत ह्रास अथवा न्यूनीकरण</u>

67. घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के कीमत ह्रास और न्यूनीकरण के प्रभाव का विश्लेषण करने के उद्देश्य से, प्राधिकारी ने घरेलू उद्योग की बिक्री की लागत और बिक्री कीमत की तुलना संबद्ध वस्तुओं की पहुंच कीमत से की है।

विवरण	**इकाई**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22**	**POI**
बिक्री की लागत	रु./ एमटी	***	***	***	***
वर्ष दर वर्ष प्रवृत्ति		100	110	70	146
निवल बिक्री प्राप्ति	रु./ एमटी	***	***	***	***
वर्ष दर वर्ष प्रवृत्ति		100	100	97	143

68. यह देखा गया है कि घरेलू उद्योग की बिक्री की लागत और बिक्री कीमत में क्षति की अवधि के दौरान वृद्धि हुई। हालांकि, लागत में वृद्धि बिक्री कीमत में वृद्धि के स्तर से अधिक थी। आयात की कीमत जांच की अवधि में उत्पादन की लागत से आधे से कम है। संबद्ध आयात यदि वह लागत से कम कीमत पर भी हुआ है, तब वह घरेलू उद्योग को लागत से बहुत कम इसकी बिक्री कीमत रखने के लिए घरेलू उद्योग को बाध्य किया। इस प्रकार यह देखा जाता है कि आयातों ने भारतीय बाजार में कीमत न्यूनीकरण की स्थिति पैदा की है।

छ. 3.4 घरेलू उद्योग के आर्थिक मापदंड

69. इस नियमावली के अनुबंध-।। में यह प्रावधान है कि घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों के प्रभाव की जांच में सभी संगत आर्थिक कारकों और बिक्री, लाभ, उत्पादन, बाजार हिस्से, उत्पादकता, निवेश पर आय अथवा क्षमता उपयोग में वास्तविक एवं संभावित गिरावट सहित घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले संकेतकों; घरेलू कीमतों, पाटन के मार्जिन का आकार को प्रभावित करने वाले कारकों; नकदी के प्रभाव, मालसूची, रोजगार, मजदूरी, वृद्धि और पूंजी निवेश जुटाने की क्षमता पर वास्तविक और संभावित नकारात्मक प्रभावों सहित उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले संकेतकों का वस्तुपरक एवं निष्पक्ष मूल्यांकन शामिल होना चाहिए। तदनुसार, घरेलू उद्योग से संबंधित क्षति संबंधी विभिन्न मापदंडों का विश्लेषण इसमें नीचे किया गया है।

70. जांच की अवधि में आवेदक के प्रदर्शन की तुलना आधार वर्ष में इसके प्रदर्शन से किया गया है और इसका कोविड-19 के कारण 2020-2021 और 2021-2022 के दौरान असामान्य स्थिति होने के कारण प्रदर्शन सामान्य रहा और अनावश्यक वस्तुओं की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाये जाने के कारण सामान्य रहा।

क) <u>क्षमता, उत्पादन, क्षमता का उपयोग और बिक्री</u>

71. घरेलू उद्योग क्षमता, उत्पादन, क्षमता का उपयोग और बिक्री के संबंध में प्रदर्शन निम्नांनुसार है:

विवरण	**इकाई**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22 (सामान्यीकृत)**	**जांच की अवधि**
क्षमता	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति		100	83	100	100
उत्पादन	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति		100	69	100	70
उत्पादन की क्षमता	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति		100	82	100	70
घरेलू बिक्री	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति		100	63	104	59

72. यह देखा गया है कि :

क. विचाराधीन उत्पाद की मांग में क्षति की अवधि विशेषकर जांच की अवधि में वृद्धि हुई है।

ख. घेरलू उद्योग की क्षमता स्थिर रही है। आवेदक के पास देश से संबद्ध वस्तुओं के लिए समग्र मांग पूरा करने की पर्याप्त क्षमता है।

ग. घरेलू उद्योग के उत्पादन और बिक्री में आधार वर्ष और पिछले वर्ष दोनों की तुलना में जांच अवधि में काफी गिरावट आई है।

ख) <u>मांग में बाजार हिस्सा</u>

73. बाजार हिस्सा नीचे तालिका में दिया गया है :

विवरण	**इकाई**	**2019-20**	**2020-21**	**2021-22 (सामान्यकृत)**	**जांच की अवधि**
आवेदक की घरेलू बिक्री	एमटी	***	***	***	***
आवेदक*	%	***	***	***	***
आधार वर्ष से प्रवृत्ति		100	63	104	59
संबद्ध देशों से आयात	एमटी	324	350	518	1041
संबद्ध देशों से आयात	कुल मांग का %	***	***	***	***
आधार वर्ष से प्रवृत्ति		100	108	160	321
अन्य देशों से आयात	एमटी	1	3	7	30
अन्य देशों से आयात	%	***	***	***	***
आधार वर्ष से प्रवृत्ति		100	3	7	30
कुल मांग	एमटी	***	***	***	***
आधार वर्ष से प्रवृत्ति		100	71	115	108

74. यह देखा गया है कि संबद्ध देश के बाजार हिस्से में क्षति की अवधि के दौरान बहुत अधिक हद तक वृद्धि हुई है। आवेदक के मांग में हिस्सा आधार वर्ष 2019-20 की तुलना में क्षति की अवधि के दौरान सतत् रूप से कम हुआ है। आवेदक के भारत में एकमात्र उत्पादक होने और मौजूदा मांग को पूरा करने के लिए इसके पास पर्याप्त क्षमता होने के बावजूद, घरेलू उद्योग का भारतीय बाजार में मुश्किल से *** प्रतिशत का हिस्सा है।

75. अन्य हितबद्ध पक्षकारों के इस तर्क के संबंध में कि आवेदक ने पूर्व वर्ष में शटडॉउन के बावजूद जांच की अवधि में बहुत अधिक हद तक बाजार हिस्सा प्राप्त कर लिया, यह नोट किया जाता है कि आवेदक के प्रदर्शन की तुलना आधार वर्ष और पूर्व दोनों से किया गया है। जैसा कि ऊपर में देखा गया है, आवेदक के बाजार हिस्से में आधार वर्ष और जांच की अवधि में मांग में बहुत अधिक वृद्धि के बावजूद पूर्व वर्ष में प्रदर्शन दोनों की तुलना में गिरावट आई है।

ग) <u>लाभप्रदत्ता, नकद लाभ और लगाई गई पूंजी पर आय</u>

76. घरेलू उद्योग की क्षति की अवधि के दौरान लाभ, लाभप्रदत्ता, नकद लाभ, ब्याज पूर्व लाभ (पीबीआईटी) और निवेश पर आय का विश्लेषण निम्नांनुसार किया गया है :

विवरण	इकाई	2019-20	2020-21	2021-22	जांच की अवधि
चीन से आयात कीमत	रु./ एमटी	126994	183344	243838	309441
बिक्री की लागत	रु./ एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति		100	110	70	146
बिक्री मूल्य	रु./ एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति		100	100	96	138
कर पूर्व लाभ (पीबीटी)	रु./ एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति		-100	-214	193	-232
लागत के % के रूप में पीबीटी	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति		-100	-189	274	-158
नकद लाभ	रु./ एमटी	-17955	-53184	96778	-37062
प्रवृत्ति		-100	-296	539	-206
आर ओ सी ई	%	***	***	***	***
प्रवृत्ति		100	29	301	4

77. यह देखा गया है कि :

क. आवेदक की बिक्री की लागत में वर्ष 2021-22 को छोड़कर क्षति की अवधि के दौरान बहुत अधिक हद तक वृद्धि हुई है, जिसमें आवेदक की बिक्री की लागत में बहुत अधिक हद तक गिरावट आई। हालांकि, बिक्री की लागत में आधार वर्ष की तुलना में जांच की अवधि में 46 प्रतिशत तक वृद्धि हुई। आवेदक वर्ष 2021-22 के आधार वर्ष से अपने उत्पाद की बिक्री उस कीमत पर करता रहा है जो बिक्री की इसकी लागत से बहुत कम है। आवेदक ने यह बताया है कि कम कीमत पर आयातों के मौजूद होने के कारण, घरेलू उद्योग बिक्री की अपनी लागत को भी वसूलने में सक्षम नहीं रहा है। आवेदक को आधार वर्ष से हानि होती रही है। हालांकि, ये हानि जांच की अवधि में और बढ़ गई है।

ख. आवेदक को 2019-20 और 2020-21 में भी बहुत अधिक हानि हुई। आधार वर्ष में जबकि आयात कीमत न्यूनतम थी, घरेलू उद्योग की बिक्री की लागत भी क्षति की अवधि में न्यूनतम थी। यद्यपि पहुंच मूल्य में 2019-20 की तुलना में जांच की अवधि में सुधार हुआ है, यह आवेदक की बिक्री की लागत से बहुत हद तक कम है। वास्तव में, आयात कीमत और बिक्री की लागत में अंतर जांच की अवधि में सबसे अधिक रहा है और इस प्रकार फलस्वरूप जांच की अवधि में इतनी अधिक हानि हुई है। आवेदक का पी बी आई टी और नकद लाभ की वही प्रवृत्ति रही है जो लाभ की प्रवृत्ति रही है।

ग. क्षति की अवधि के दौरान मांग में वृद्धि के और घरेलू उद्योग की बिक्री में परिणामी वृद्धि के बावजूद, नकद लाभ और लगाई गई पूंजी पर प्रतिफल में क्षति की अवधि के दौरान गिरावट आई।

घ. <u>मालसूची</u>

78. क्षति की अवधि के दौरान और जांच की अवधि में घरेलू उद्योग की मालसूची की स्थिति से संबंधित आंकड़े नीचे तालिका में दिये गये हैं :

विवरण	इकाई	2019-20	2020-21	2021-22	जांच की अवधि
प्रारंभिक मालसूची	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति		100	32	14	10
अंतिम मालसूची	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति		100	45	30	336
औसत मालसूची	एमटी	***	***	***	***
प्रवृत्ति		100	35	18	89

79. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के पास मालसूची के स्तर में 2021-22 से जांच की अवधि तक बहुत अधिक वृद्धि हुई है। मालसूची में ऐसी वृद्धि जांच की अवधि में बहुत अधिक है। जब आयात की मात्राओं ने भी बहुत अधिक वृद्धि दर्शायी है। जांच की अवधि के अंत में अंतिम भंडार जांच की अवधि में प्रारंभिक भंडार से 10 गुणा अधिक था।

ङ) **<u>रोजगार, मजदूरी एवं उत्पादकता</u>**

80. घरेलू उद्योग के रोजगार, मजदूरी और उत्पादकता के संबंध में स्थिति नीचे दी गई है :

विवरण	इकाई	2019-20	2020-21	2021-22	जांच की अवधि
कर्मचारियों की संख्या	सं.	***	***	***	***
प्रवृत्ति		100	79	22	80
वेतन और मजदूरी	रु. लाख	***	***	***	***
प्रवृत्ति		100	81	34	106
प्रति दिन उत्पादकता	एमटी / प्रतिदिन	***	***	***	***
प्रवृत्ति		100	69	100	70

81. प्राधिकारी नोट करते हैं कि घरेलू उद्योग के कर्मचारियों की संख्या में क्षति की अवधि के दौरान कमी आई है। भुगतान किये गये वेतन ने वृद्धि दर्ज की है। इसके अलावा उत्पादकता ने उत्पादन के अनुरूप गिरती हुई प्रवृत्ति को भी दर्शाया है।

च) **<u>वृद्धि</u>**

82. याचिकाकर्ता की वृद्धि के संबंध में सूचना नीचे दी गई है :

विवरण	इकाई	2020-21	2021-22	जांच की अवधि
क्षमता का उपयोग	%	-7.89	7.89	-13.58
उत्पादन	%	-31	46	-30
बिक्री	%	-37	65	-44
औसत मालसूची	%	-65	-48	388
प्रति इकाई लाभ	%	114	-190	-220
नकद लाभ	%	86.47	-401.07	-121.52
निवेश पर प्रतिफल	%	-5.96	22.74	-24.77

83. यह देखा गया है कि पाटित आयातों ने घरेलू उद्योग की वृद्धि को मात्रा और कीमत दोनों मापदंडों के मामले में प्रतिकूल रूप से प्रभावित किया है।

छ) <u>पाटन का आकार और पाटन मार्जिन</u>

84. यह देखा गया है कि पाटन मार्जिन न केवल न्यूनतम से अधिक है बल्कि बहुत अधिक भी है।

छ. 3.5 <u>कारणात्मक संबंध की जांच</u>

गैर-आरोपण विश्लेषण (अन्य कारक)

85. पाटनरोधी नियमावली 1995 के अनुबंध ।। के पैरा (v) में प्राधिकारी से यह अपेक्षित है कि वे इस तथ्य को सिद्ध करें कि घरेलू उद्योग को पाटित आयातों के कारण क्षति हो रही है। साथ ही प्राधिकारी से यह अपेक्षित है कि वे पाटित आयातों के अलावा उन कारकों की जांच करें जो घरेलू उद्योग के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता था ताकि अन्य ज्ञात कारकों के द्वारा हुई क्षति के लिए संबद्ध वस्तुओं के पाटित आयातों को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाये। इस संबंध में संगत कारकों में पाटित कीमतों पर न बेची गई संबद्ध वस्तुओं की मात्रा, मांग में संकुचन अथवा उपभोग के पैटर्न में परिवर्तन, व्यापार प्रतिबंधात्मक कार्यपद्धतियां, प्रौद्योगिकी में बदलाव, घरेलू उद्योग का निर्यात कार्यनिष्पादन और घरेलू उद्योग की उत्पादकता शामिल है। उपर्युक्त कारकों की जांच नीचे की गई है :

क) तीसरे देशों से आयातों की मात्रा और कीमतें

86. यह देखा गया है कि संबद्ध वस्तुओं के आयातों का प्राय: पूरा हिस्सा संबद्ध देश से भारत में हो रहे हैं। किसी भी मामले में, गैर-संबद्ध आयातों की मात्रा न केवल जांच की अवधि में कम है बल्कि इसकी कीमत चीन जन. गण. से आयात कीमत से बहुत उच्चतर है। इस कारण से, अन्य देशों से आयात घरेलू उद्योग को हो रही वास्तविक क्षति का कारण नहीं है।

विवरण	इकाई	2019-20	2020-21	2021-22	जांच की अवधि
आयात मात्रा					
संबद्ध देश	एमटी	324	350	518	1041
अन्य देश	एमटी	1	3	7	30
कुल	एमटी	325	353	525	1071
संबद्ध देश (सीआईएफ कीमत)	रु./ एमटी	1,26,994	1,83,344	2,43,838	3,09,441
अन्य देश (सीआईएफ कीमत)	रु./ एमटी	8,15,266	1,29,720	8,64,738	8,17,990

ख) मांग में संकुचन

87. यह देखा गया है कि, मांग में क्षति की अवधि के दौरान वृद्धि हुई। 2020-21 और 2021-22 में मांग में कोविड-19 और अनावश्यक वस्तुओं की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाये जाने के कारण तीव्र गिरावट आई। उसके बाद मांग में जांच की अवधि में वृद्धि हुई। यह मांग क्षति के अवधि के दौरान जांच की अवधि में अपने उच्चतम स्तर पर है।

88. जबकि पूर्व की जांचों में बीओपीपी और सिंगल यूज प्लास्टिक द्वारा संबद्ध वस्तुओं के बाजार हिस्से को समाप्त करने के कारण इस उत्पाद की मांग में गिरावट हुई होगी, मांग एक बार फिर बढ़ती हुई प्रवृत्ति दर्शा रही है। संबद्ध वस्तुओं का प्राथमिक रूप से उपयोग फायर क्रेकर उद्योग में किया जाता है लेकिन सिंगल यूज प्लास्टिक पर

प्रतिबंध और पारी अनुकूल उत्पादों के बारे में जागरूकता में वृद्धि होने के साथ, अन्य क्षेत्रों में मांग धीरे धीरे बढ़ रही है।

ग) उपभोग के पैटर्न में परिवर्तन

89. यह देखा गया है कि क्षति की अवधि के दौरान विचाराधीन उत्पाद के लिए उपभोग के पैटर्न में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है जो घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचा सकता था।

90. जबकि संबद्ध वस्तुओं के अन्य प्रयोगों जैसे खाद्य मदों में अनुप्रयोग, साबुन और डिटरजेंट की रैपिंग, आर्ट और क्राफ्ट के प्रयोजन आदि हाल के कुल वर्षों में उभरे हैं। यह देखा गया है कि संबद्ध वस्तु चाहे घरेलू हो अथवा आयात किया गया हो, का प्राथमिक उपयोग फायर क्रेकर उद्योग द्वारा किया जा रहा है जहां इसे किसी अन्य उत्पाद से प्रतिस्थापित नहीं किया जा सकता है। फायर क्रेकर उद्योग को संबद्ध वस्तुओं का उपयोग करना पड़ता है क्योंकि इसे प्रभावी रूप से सामान चिपचिपा पदार्थ का उपयोग करते हुए सील किया जा सकता है और यह किसी प्लास्टिक रैप की हीट सीलिंग के विपरीत आग का खतरा उत्पन्न नहीं करता है। इस कारण से फायर क्रेकर उद्योग संबद्ध वस्तुओं पर उनके कार्यात्मक और सुरक्षा लाभों के कारण पूर्णरूप से निर्भर है और इसका कोई अन्य उपयुक्त विकल्प उपलब्ध नहीं है।

घ) प्रतिस्पर्धा की स्थितियां और व्यापार प्रतिबंधात्मक कार्यपद्धतियां

91. किसी भी हितबद्ध पक्षकार ने किसी व्यापार प्रतिबंधात्मक कार्यपद्धतियों के बारे कोई तर्क नहीं दिया है अथवा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया है, जो घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन को प्रभावित कर सकता था। प्राधिकारी नोट करते हैं कि इस जांच ने प्रतिस्पर्धा की स्थितियों अथवा किसी व्यापार प्रतिबंधात्मक कार्यपद्धतियों में कोई परिवर्तन नहीं दर्शाया है।

ङ.) प्रौद्योगिकी का विकास

92. यह देखा गया है कि प्रौद्योगिकी में कोई बहुत अधिक परिवर्तन नहीं हुआ है।

च.) घरेलू उद्योग का निर्यात प्रदर्शन

93. पूर्व के वर्षों की तुलना में, आवेदक के निर्यातों में गिरावट आई है। हालांकि यह नोट किया जाता है कि आवेदक की निर्यात बिक्री इसकी कुल बिक्री का बहुत बड़ा हिस्सा नहीं रहा है। इस प्रकार, आवेदक के निर्यात प्रदर्शन ने आवेदक की घरेलू बिक्री के प्रदर्शन को प्रभावित नहीं किया है।

छ.) अन्य उत्पादों का प्रदर्शन

94. घरेलू उद्योग विचाराधीन उत्पाद का एकमात्र उत्पादक है और इस कारण से अन्य उत्पादों का प्रदर्शन वर्तमान जांच में संगत नहीं है।

<u>कारणात्मक संबंध स्थापित करने वाले कारक</u>

95. ऊपर में उल्लेख किये गये कारकों की जांच करने के बाद, प्राधिकारी यह मानते हैं कि घरेलू उद्योग को अन्य कारकों के कारण जांच की अवधि में क्षति नहीं उठानी पड़ी है। इसके अलावा, निम्नलिखित कारक यह दर्शाते हैं कि घरेलू उद्योग को क्षति संबद्ध आयातों के कारण हुई है :

i) संबद्ध वस्तुओं के आयातों में क्षति की अवधि के दौरान विशेषकर जांच की अवधि में पूर्ण तथा सापेक्ष रूप में वृद्धि हुई है।

ii) पहुंच कीमत न केवल बिक्री कीमत के स्तर से कम है बल्कि बिक्री की लागत से भी कम है। इसके फलस्वरूप, बाजार में कीमत पर दबाव पड़ा।

iii) इन क्षमताओं का आयातों को देखते हुए बहुत कम उपयोग हुआ है। संबद्ध आयातों में वृद्धि के साथ, घरेलू उद्योग की क्षमता के उपयोग में जांच की अवधि में *** प्रतिशत तक गिरावट आई है।

iv) घरेलू उद्योग मांग में वृद्धि के समानुपात में अपना उत्पादन को बिक्री बढ़ाने में सक्षम नहीं रहा है। वास्तव में, जांच की अवधि में उत्पादन और बिक्री में मांग में वृद्धि के बावजूद गिरावट आई है।

v) संबद्ध आयातों के बाजार हिस्से में आधार वर्ष में *** प्रतिशत से जांच की अवधि में *** प्रतिशत तक वृद्धि हुई। इस प्रकार पाटित आयातों का भारत में कुल मांग में बहुत बड़ा हिस्सा है जबकि आवेदक के हिस्से में आधार वर्ष से जांच की अवधि तक *** प्रतिशत से *** प्रतिशत तक कमी आई है।

vi) घरेलू उद्योग की माल सूची बहुत अधिक रही है क्योंकि घरेलू उद्योग मांग में वृद्धि के अनुपात में अपनी बिक्री बढ़ाने में सक्षम नहीं रहा है। आयात भारत में मांग पर आक्रामक रूप से कब्जा करते रहे हैं।

vii) संबद्ध आयात, जो बाजार में लागत से कम कीमतों पर हो रहे हैं, बाजार में कीमतों को बढ़ा रहे हैं। आवेदक अपनी लागत से कम कीमतों पर इसकी बिक्री करने के लिए बाध्य है। इसके परिणामस्वरूप, घरेलू उद्योग को हानि हुई है और इसकी लाभप्रदत्ता तथा लगाई गई पूंजी पर प्रतिफल बहुत अधिक प्रभावित हुआ है।

96. उपर्युक्त विश्लेषण दर्शाता है कि घरेलू उद्योग को संबद्ध देश से भारत में विचाराधीन उत्पाद के बढ़ते हुए पाटित आयातों के कारण बहुत अधिक क्षति हो रही है। संबद्ध देश के मूल के अथवा वहां से निर्यात किये गये संबद्ध वस्तुओं के पाटित आयातों में वृद्धि तथा घरेलू उद्योग द्वारा दिखाई गई वास्तविक क्षति के बीच एक मजबूत कारणात्मक संबंध है।

<u>क्षति-रहित कीमत और क्षति मार्जिन</u>

97. प्राधिकारी ने यथासंशोधित अनुबंध III के साथ पठित इस नियमावली में निर्धारित सिद्धांतों के आधार पर घरेलू उद्योग के लिए एन आई पी का निर्धारण किया है। विचाराधीन उत्पाद की एन आई पी का निर्धारण जांच की अवधि के लिए घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराये गये उत्पादन की लागत से संबंधित को लेकर किया गया है। एन आई पी पर विचार क्षति मार्जिन की गणना करने के लिए संबद्ध देश से पहुंच कीमत की तुलना करने के वास्ते की गई है। एन आई पी का निर्धारण करने के लिए, कच्चे माल और उपयोगिताओं का सर्वोत्तम उपयोग पर विचार क्षति की अवधि के दौरान किया गया है। क्षति की अवधि के दौरान उत्पादन क्षमता का सर्वोत्तम उपयोग पर विचार किया गया है। असाधारण अथवा गैर अनावर्ती खर्च को उत्पादन की लागत से बाहर रखा गया है। विचाराधीन उत्पाद के लिए लगाई गई औसत पूंजी (अर्थात औसत निवल निर्धारित परिसंपत्ति योग औसत कार्यशील पूंजी) पर उचित प्रतिफल (कर पूर्व 22 प्रतिशत की दर से) की अनुमति इस नियमावली के अनुबंध III में यथानिर्धारित और अनुसरण की जा रही एन आई पी तय करने के लिए कर पूर्व लाभ के रूप में दी गई थी।

98. जैसा कि ऊपर में निर्धारित किया गया है पहुंच कीमत और एन आई पी के आधार पर, प्राधिकारी द्वारा यथानिर्धारित क्षति मार्जिन नीचे तालिका में दिया गया है :

कंपनी	एन आई पी	पहुंच कीमत	क्षति मार्जिन (1यूएस डॉलर = 81.06)			
इकाई	भारतीय रु./ किग्रा.	भारतीय रु./ किग्रा.	भारतीय रु./ किग्रा.	यूएस डॉलर/ किग्रा.	पहुंच कीमत का %	रेंज
शानडॉग ग्रुप	***	***	***	***	***	नकारात्मक
अन्य	***	***	***	***	***	30-40%

ट.) भारतीय उद्योग के हित एवं अन्य मुद्दे

ट. 1 अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा अनुरोध

99. अन्य हितबद्ध पक्षकारों द्वारा जनहित के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किये गये हैं :

i) आवेदक सभी अन्य स्रातों से माल को अवरूद करने का प्रयास कर रहा है।

ii) 70 प्रतिशत संबद्ध वस्तुओं का उपयोग फायर क्रेकर की पैकेजिंग के लिए किया जाता है। शुल्कों को लगाये जाने से छोटे-छोटे फायर क्रेकर निर्माताओं के बने रहने को खतरा पहुंच सकता है। यदि डाउनस्ट्रीम उत्पाद की समग्र लागत पर कम प्रभाव भी पड़ता है तब यह विचार करना कि छोटे छोटे उद्योगों से प्रयोक्ता का बड़ा आधार बन जाता है, यह प्रभाव और अधिक हो जायेगा।

iii) बायोडिग्रडेबल ट्रांसपेरेंट फिल्म्स पहले से ही सिंगल यूज प्लास्टिक की तुलना में बहुत अधिक महंगी है। यदि खरीद की लागत में और अधिक वृद्धि होती है तब यह सरकार के प्रयोग को बढ़ावा देने की पहल में रूकावट पैदा करेगी। विचाराधीन उत्पाद की फूड पैकेजिंग जैसे संभावना वाले क्षेत्रों में बहुत अधिक मांग है। हालांकि, आवेदक इसको पूरा करने के लिए तैयार नहीं है क्योंकि उनका उत्पाद पुराना हो गया है और इसको गुणवत्ता संबंधी अनेक मुद्दों से हानि होती है। खाद्य क्षेत्र के लिए उनके द्वारा उत्पादन किया गया विचाराधीन उत्पाद इस समय इसकी अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा, ग्राहक की समीक्षा यह दर्शाती है कि आवेदक इसकी निम्न गुणवत्ता के कारण इस क्षेत्र की मांग को पूरा नहीं कर सकता है।

iv) आवेदक उद्योग द्वारा प्रस्तुत किये गये निविदा दस्तावेजों की ध्यान से छानबीन किये जाने की आवश्यकता है। अनेक मामलों में, दावा किये गये अनुसार आयात किये गये स्रोतों के बजाय स्वयं घरेलू उद्योग से आपूर्ति पूरी की गई थी। प्राधिकारी के विश्लेषण की एक प्रति सभी हितबद्ध पक्षकारों को भी दी जानी चाहिए।

ट. 2 घरेलू उद्योग द्वारा अनुरोध

100. घरेलू उद्योग द्वारा जनहित के संबंध में निम्नलिखित अनुरोध किये गये हैं :

i) यह उपभोक्ताओं के हित में है कि घरेलू उद्योग द्वारा शक्ति प्राप्त उचित कीमत पर उत्पादों का बाजार हो जो आयातों से प्रतिस्पर्धा कर सके।

ii) भारत में घरेलू निर्माण के कार्यकलापों को प्रोत्साहित करना निर्माण पावर हाउस बनने में इसकी भूमिका को सहायता देने के लिए आवश्यक है। इसके अलावा, घरेलू उत्पादन रोजगार को बढ़ावा देगा और इस देश की जी डी पी में वृद्धि करेगा।

iii) पाटनरोधी शुल्क लगाना समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है और इसके साथ ही उत्पाद पर निर्भर एकमात्र आयातक बनने से भारत को रोकने के लिए आवश्यक है। आवेदक भारत में संबद्ध वस्तुओं का एकमात्र उत्पादक है। यदि यह बर्बाद हो जाता है तब भारतीय बाजार संबद्ध वस्तुओं की मांग को पूरा करने के लिए आयातों पर पूर्णरूप से निर्भर हो जायेगा, जिसके फलस्वरूप व्यापक परिदृश्य में उच्च कीमतों, रूकी हुई उपलब्धता अथवा व्यापार घाटे जैसे मुद्दे सामने आयेंगे।

iv) आवेदक कंपनी एक बहु-उत्पाद कंपनी है। यदि आवेदक के व्यापार प्रभावों में से एक के कार्यनिष्पादन को बहुत गंभीर झटका लगता है तब यह निश्चित रूप से कंपनी के अन्य प्रभावों को भी बुरी तरह से प्रभावित करेगा। इस कारण से, इस उत्पाद की व्यवहार्यता आवेदक कंपनी की समग्र इको सिस्टम के लिए सर्वोच्च महत्व का है।

